JULY to SEPTEMBER 2008
YEAR 5th : ISSUE IIIrd

जुलाई से सितम्बर 2008
वर्ष पंचम : अंक तृतीय

GYAN PRABHA

(Quarterly)

ज्ञान प्रभा

(त्रैमासिक) 10

सम्पादक मण्डल

सुरेश चन्द्र-प्रबन्ध सम्पादक
डॉ॰ धर्मवीर सेठी-सम्पादक

Editorial Board

Suresh Chandra-Managing Editor
Dr. Dharam Vir Sethi-Editor

मूल्य : 30/- रुपये

वार्षिक मूल्य 100/- रुपये

भारत विकास परिषद् प्रकाशन

इस अंक में...

1.	अपनी बात		4
2.	वैदिक विनय		6
3.	Keep in touch	❑ Dr.Anjanee	7
4.	अच्छे नेतृत्व से ही राष्ट्र का विकास	❑ स्वामी सत्यमित्रानन्द	9
5.	न्यायपालिका और पवित्रता	❑ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम	12
6.	न्यायपालिका पर भारी बोझ	❑ न्यायमूर्ति वाई.के. सब्बरवाल	15
7.	न्यायिक सुधार के उपाय	❑ जगमोहन	19
8.	कितनी स्वतंत्र है हमारी न्यायपालिका	❑ डॉ॰ वन्दना मिश्रा	22
9.	इस्लाम एक, कानून अनेक	❑ मुजफ्फ़र हुसैन	26
10.	Accountability of Judges	❑ Prashant Bhushan	30
11.	Legal Nightmare	❑ K.M. Sharma	36
12.	Integrity of Judges, Lawyers Vital	❑ Dhananjay Mahapatra	40
13.	Modernizing the Legal and Judicial Institution in India	❑ Jay Chauhan	43
14.	Justice Delayed	❑ Bhaskar DC	51
15.	भीड़ में कोई आदमी नहीं था	❑ बनेचन्द मालू	54
16.	लड़की के विकास में अवरोध कमतर आकलन	❑ अंजु दुआ जैमिनी	55
17.	महात्मा ज्योतिबा फुले	❑ आर. के. श्रीवास्तव	59
18.	युवा नव धनाढ्यों के लिए एक वित्तीय परियोजना	❑ अनुपमा सिंहल	63
19.	स्पांडिलाइटिस नहीं है अब लाइलाज	❑ डॉ॰ यतीश अग्रवाल	67
20.	शेर और बकरी	❑ अशोक भाटिया	70
21.	Gayatri Mantra	❑ Dr. M. P. Sharma	72
22.	धर्म	❑ चन्द्र किशोर मदन	77
23.	The power of 3 little words		78
24.	Reading and writing habits are dying	❑ Prof. S. Dandapani	80
25.	21 Reasons to read books & magazines		83
26.	A tourist and a pilgrim	❑ Dr. Pradeep Kumar	84
27.	Nail in the fence	❑ Neeraj Gupta	87
28.	The pleasures of grandparenting	❑ Suresh Chandra	89
29.	The quest for greatness		92
30.	पाठक नामा		94

अपनी बात

कहते हैं भगवान के घर में देर है अन्धेर नहीं! अर्थात् वहाँ न्याय अवश्य मिलता है चाहे कुछ देर से ही सही। परन्तु आधुनिक युग के भारतीय परिप्रेक्ष्य में न्याय और तत्सम्बन्धी विधाओं का क्या स्वरूप है, इस विषय को लेकर 'ज्ञान प्रभा' का प्रस्तुत अंक संजोया गया है।

इस के लिए आरम्भ में प्रभु स्मरण भी आवश्यक है जो वेद की ऋचाओं में उपलब्ध है। राष्ट्र का शक्तिशाली नेतृत्व होगा तभी विकास और न्याय भी बात सोची जा सकती है। स्वामी सत्यमित्रानन्द जी की लेखनी इसी भाव को उजागर करती है। पूर्व राष्ट्रपति ए.पी. जे. अब्दुल कलाम द्वारा न्यायपालिका की पवित्रता पर बड़े सुन्दर ढंग से चर्चा की गई है। इसी कड़ी में क्या राजनीति के चंगुल से हमारी न्याय व्यवस्था बची रह सकती है, उसके सुधार के क्या उपाय हो सकते हैं जैसे गम्भीर विषयों पर भी चिन्तन हुआ है। प्रश्न उठता है कि न्याय के रक्षक अपने धर्म को निभाते हुए कितने ईमानदार हैं, इस पर तो सवालिया निशान ही लगा रहता है। यह स्थिति अपने आप में गम्भीर है। एक अन्य लेख में न्याय व्यवस्था का आधुनिकीकरण कैसे हो यह बताने का भी प्रयास किया गया है। अभिप्राय यह कि न्याय की खोज में एक साधारण व्यक्ति कैसे पिसता चला जा रहा है इसकी बानगी विषय से सम्बन्धित लेखों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई है।

शायद इसी लिए एक कविता के माध्यम से भीड़ में एक आदमी की तलाश की गई है। धर्म के कुछ पहलुओं पर भी विद्वान् लेखकों ने अपनी कलम चलाई है और एक इस्लाम के अनेकों कानूनों की भी गहन चर्चा की गई है।

भ्रूण हत्या और बेटी का महत्व आदि गम्भीर विषय को लेकर लेखिका ने समाज के प्रबुद्ध वर्ग को झकझोरने का काम किया है। महात्मा फुले ने समाज का नेतृत्व कैसे किया लेख भी प्रेरणादायी है। स्पांडिलाइटिस के कारण और निदान क्या हैं आज के स्ट्रेस भरे वातावरण में यह जानना भी आवश्यक हो गया है।

प्रणव-मंत्र का विशेष महत्व है, सभी मंत्रों का निचोड़ : प्रस्तुत लेख का अवश्य मन्थन करें। समाज के अन्य घटकों से अपना सम्पर्क आज के यान्त्रिक युग में कैसे सुदृढ़ किया जाए, पढ़िये Keep in touch में! बच्चों में पढ़ने और लिखने की आदत डालें और आप यात्रा पर निकलते हैं तो भी आपके लिए इस लेख में जानकारी दी गई हैं। क्रोध के परित्याग के लिए? प्रेरक प्रसंग है और मूल से ब्याज अच्छा लगता है यह भाव Grand parenting से जाने जा सकते हैं। वित्तीय परियोजना के कुछ सूत्र भी जोड़ दिए गए हैं।

सुधी पाठकों को हमारा यह मिला जुला प्रयास कैसा लगा उनकी प्रतिक्रियाओं से ही हम जान पाएँगे।

प्रभु का आशीष और पाठक वर्ग की शुभ कामनाएँ हमारा सम्बल बनेगीं, ऐसा विश्वास है। **-ध.व.स**

स्वतंत्रता दिवस पर परिषद् परिवार की ओर से समस्त पाठकों का अभिनन्दन।

परिषद् परिवार की ओर से सभी को रक्षाबन्धन व कृष्णजन्माष्टमी पर अनेकानेक शुभकामनाएँ।

वैदिक विनय

ओ३म् विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि परासुव।

यद्भद्रं तन्न आसुव॥ [यजुर्वेद 30-3]

विश्वानि - सब, All ; **देव**-सुखों के दाता, Bestower of happiness; **सवितः** -जगत् के उत्पत्तिकर्त्ता Creator of the Universe; **दुरितानि** - दुर्गुणों को, Vices; **परासुव** -दूर कीजिए, Dispel। यत् जो, Whatever; **भद्रम्** -कल्याणकारक, blessed and good; **तन्** - उसे, That; **नः** - हमें, to us; **आसुव** -प्राप्त कराइए, Provide

हे प्रकाशमय देव, दिव्य गुण दाता प्रभुवर।

प्राणिमात्र के पिता, नियन्ता, नित्य विभाकर।।

दूर शीघ्र सब करो, प्रभो! कुविचार हमारे।

दुर्गुण, दुःख, दुर्व्यसन, दैन्य दल दुर्नय, सारे।।

प्रभु! जो कुछ भी कल्याणमय, सुखमय, मङ्गलमूल हो।

वह सब प्रदान कीजिए पिता, जो सुत के अनुकूल हो।।

Oh Lord, God Almighty, Creator of the Universe, and dispenser of true happiness! We beseech thee to dispel all our miseries (vices and evil propensities) and bestow upon us what is blessed and good.

पुनश्चः महर्षि स्वामी दयानन्द का सर्वप्रिय मन्त्र

KEEP IN TOUCH!

● **Dr. Anjanee**

The first guiding principle of Bharat Vikas Parishad is Sampark (सम्पर्क) i.e. contact. In the modern age this aspect of life has taken a new twist. How? The writer thus explains.

-Editor.

Networking is a powerful way of building personal and professional relationships. It is a process of actively fostering contacts and creating ways to disseminate information. It's a give and take process. Yet, how many of us take this seriously, specially in the formidable years of our career. We just don't seem to have the time or the inclination, as it seems to require too much of an effort.

Further, cultural differences set the tone of how we should network. Networking, in the Indian context during earlier times might have had a negative connotation, not any more though, in fact, not networking in today's scenario might perhaps be detrimental to career development. On the contrary, Americans view the person who is networking, as being extremely focused. Being perpetually short on time, networking happens at a brisk pace at business and social gatherings for them.

At the workplace, networking is indeed, a big deal. Many successful job seekers claim that networking has made all the difference for them. One of the objectives in networking is to obtain referrals. Ideally, you would like names to be volunteered as part of the conversation. However, if they are not, you must request them in order to continue your

search. Request names of other contacts who might be willing to provide further advice and information.

There are many ways to identify networking contacts- your college alumni association or career office networking lists, your own extended family, your friends' parents and other family members, your professors, advisors, tutors, your former bosses and family members' bosses, members of clubs, religious groups and other organizations to which you belong and of course your friends.

At social events resist the temptation to just hang around with friends! Capitalize on the opportunity, by introducing yourself and begin establishing rapport with as many people as possible-be more interested than interesting. Memorize a few conversation openers if you think you are likely to get tongue tied or have clammy hands. All the effort and time is well spent! A little care can go a long way in improving your comfort level with networking. Thank the contact and make plans to meet again. This process of nurturing contacts is perhaps as important, as the benefits from networking, may not always be immediate and apparent, but then, remember, it's a small world! So keep in touch!

-The writer is Professor of Communication, at the Management Development Institute, Gurgaon.

अच्छे नेतृत्व से ही राष्ट्र का विकास

❑ **स्वामी सत्यमित्रानन्द जी**

स्वतंत्रता के सूर्य के आगमन पर हमने कल्पना की थी कि हमारा देश निश्चित् रूप से विकास के पथ पर बढ़ेगा। विकास हुआ भी। उच्च अट्टालिकायें बन गई हैं, सेतुओं के निर्माण हुए, उद्योगों की स्थापना हुई। लोगों को ऐसा लग रहा था, सचमुच देश विकास के पथ पर अग्रसर है, लेकिन उस विकास के पीछे मानवीय दुर्बलताओं से घिरे हुए नेतृत्व प्रदान करने वाले लोगों ने अपने दिव्य चरित्र के द्वारा इस राष्ट्र को विकास के पथ पर चलता हुआ राष्ट्र सिद्ध करने में असमर्थता दिखाई, नहीं तो हम सब लोगों को ऐसा कैसे दिखाई पड़ता कि इस देश के सामान्य जनों द्वारा उच्च पदों पर बिठाये जाने वाले लोग उनके साथ ही विश्वासघात करेंगे। ऐसी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

विकास और विनाश में एक अक्षर का अन्तर है। यदि 'क' हट जाये और 'न' आ जाय तो विनाश हो जाता है। यदि 'क' बना रहे तो विकास हो जाता है। संस्कृत भाषा में 'क' को ब्रह्म दृष्टि से ही देखते हैं। हमारी विशेषता, लौकिक उत्कर्ष के साथ-साथ आध्यात्मिक उत्कर्ष की भी निश्चित् की गई। जो सारे संसार में एक ही परमात्मा को देखने का यत्न करता रहा हो, तो ऐसा समृद्ध देश भाषा के नाम पर, जाति के नाम पर, छोटे-छोटे समुदायों के नाम पर, मण्डल बना-बनाकर केवल अपना चिन्तन करने लगे। यह भारत के चिन्तन के कितनी विरुद्ध बात है।

हमने अनेक जातियों को अपने भीतर समाविष्ट किया-

किरातहूणान्ध्रपुलिन्द्रपुल्कशाः

आभीरकङ्क.यवनखसादयः।

शुद्धयन्ति तस्मै प्रीविष्णवे नमः॥

हमारी पाचन शक्ति इतनी तीव्र रही कि केवल अपने ही देश के नहीं किरात, हूण, पुलिन्द, पुल्कश आदि अनेक जातियों को समाविष्ट किया। यह श्लोक पाँच हज़ार वर्ष पूर्व विश्व के सबसे बड़े चिन्तक महर्षि वेदव्यास ने लिखा। हमने इन सबको अपने भीतर ऐसा आत्मसात् किया कि उनके मन में कभी विचार ही नहीं आया कि भारतीय के अतिरिक्त वे कुछ और हैं।

अपने स्वार्थों में जुड़ा हुआ यह समाज पुण्य की प्राप्ति के लिए नाना प्रकार की विधियों का पालन भले ही न करे, लेकिन अन्त:शुद्धि के लिए सेवा का मार्ग न अपना सके तो वे विधियाँ लौकिक प्रशंसा तो दिला सकेंगी, अन्तर की शुद्धि, अन्तर्यामी का सान्निध्य मुझे और आपको प्राप्त नहीं होगा। आज इस देश को सेवा की आवश्यकता है, हमारे भीतर आप्तकामत्व जागे, आत्मसंतोष जागे। आत्मसंतुष्टि सेवा और संस्कार के द्वारा जितनी प्राप्त होती है, उतनी और किसी से प्राप्त होती नहीं।

यदि आप संस्कार जीवित रखेंगे तो परमात्मा को अवतार के लिए विवश होना पड़ेगा। परमात्मा आना चाहता है। क्षमा करिये मेरे यहाँ नहीं आयेगा। जब भी आयेगा आप के यहाँ आयेगा। आप गृहस्थ हैं। भगवान ढूँढ़ रहा है कि मैं आऊँ, लेकिन कोई दशरथ नहीं मिल रहा है। कोई कौशल्या, कोई देवकी नहीं मिल रही है। वसुदेव नहीं मिल रहा है। जीजाबाई नहीं मिल रही है। नहीं तो शिवाजी, राम-कृष्ण का अवतार होता। कुछ दम्पतियों को अपने संयमी जीवन से कौशल्या, देवकी बनना पड़ेगा। आपकी कोख से जन्मे भगवान का दर्शन, नीराजन करने के लिए संत समाज आयेगा।

जब कभी हम इतिहास को पलटकर देखते हैं कि महर्षि दधीच के पास देव-समुदाय जाकर प्रार्थना करता है कि आपके देह की आवश्यकता है। यदि आप देह-दान नहीं करेंगे तो आपकी अस्थियों से बनने वाले वज्र के बिना राक्षसों का विनाश संभव नहीं। महर्षि दधीच ने कहा, ''मैं समाधि में जाता हूँ, ऐसा पशु लाओ जो मेरे शरीर का मांस चाट ले। शेष बचे समस्त अस्थियों के ढाँचे को ले जायें।'' इतिहास का यह पावन पृष्ठ हमारे सामने है। एक ऋषि को कोई आवश्यकता नहीं थी, अपने देह की। उसके प्रति श्रद्धा रखने वाले बहुत लोग थे, जो यह कह सकते थे कि तुम्हारी प्रार्थना स्वीकार नहीं करेंगे। कोई बाध्य नहीं कर सकता था, लेकिन करुणा की सीमा, परोपकार की अवधि, जीवन में अपना सब कुछ देकर भी विश्व का रक्षण करने के

लिए मंगल की परिकल्पना थी। सत्त्व की सीमा महर्षि दधीच में दिखाई पड़ती है। उन्होंने हँसते हुए अपने शरीर का दान किया। असुरों का विनाश हो गया।

श्रीमद्भगवद्गीता में कहा, श्रेष्ठजन जैसा आचरण करते हैं, बाकी लोग उनका अनुसरण करते हैं। इसलिए हम सब लोगों को उन लोगों के आदर्श देखने चाहिएँ जो गरीबी में भले पले हों, लेकिन अपने जीवन के सिद्धांतों का पालन करने का यत्न कर रहे हों। मैं आप सबसे निवेदन करूँगा कि गाँव में ऐसे लोगों को ढूँढ़कर ऐसे सम्मेलनों में लाएँ जो अध्यापक रहे हों, जो छोटे कार्य या किसानी करते हों, लेकिन भूलकर भी जिन्होंने अपनी ईमानदारी के साथ सौदा न किया हो। ऐसे लोगों का सम्मान फिर से इस देश में होना चाहिए। ईमानदार आदमी को भी लगेगा कि मेरी उपयोगिता है। मैं एक आदर्श हूँ। मैं समाज को तिल-तिल जलकर भी कुछ दे सकता हूँ। अँधेरे से लड़ सकता हूँ। सामान्य प्रकाश में बहुत बड़ा बल होता है।

'' दीप से दीप जलाने का कार्य निरन्तर चलना चाहिए। भले हम खद्योत न बनें, दीपक बनें, लेकिन अंधकार से हमारा संघर्ष चलते रहना चाहिए। **संघर्ष जीवन का दूसरा नाम है।** संघर्ष यदि अप्रिय होता तो भगवान श्रीकृष्ण को कुरुक्षेत्र के मैदान में कभी युद्ध कराने की बात नहीं करनी चाहिए थी। युद्ध के समय एक बात अवश्य स्मरण रहनी चाहिए-**मामनुस्मर युध्य च**- मेरा स्मरण करो और फिर बुराइयों से लड़ो। बुराइयों से लड़ने वाला कभी किसी से द्वेष नहीं करेगा। व्यक्ति के साथ उसकी बुराइयों के कारण मतभेद हो सकते हैं; लेकिन व्यक्ति स` नहीं। आज जो बुरा है वह कल वाल्मीकि हो सकता है। न किसी व्यक्ति के साथ द्वेष, न किसी समुदाय के साथ द्वेष। यदि कहीं बुराइयाँ हैं, तो उन्हें भगवान का कार्य समझकर मिटाने के लिए अग्रसर होना चाहिए।

[स्वामी जी द्वारा दिये गये एक व्याख्यान के संपादित अंश-सं.]

The administration of justice is the firmest pillar of government.

न्यायपालिका और पवित्रता

❑ **ए. पी. जे. अब्दुल कलाम**

मैंने देश की न्यायपालिका और विधि प्रक्रिया का अध्ययन किया है। प्रत्येक नागरिक चाहता है कि न्याय प्रणाली पवित्र हो। मेरे अध्ययन से पता चलता है कि संपूर्ण प्रणाली अनेक तत्वों पर निर्भर है। ये हैं:-

1. राजनैतिक नेता।
2. कानून निर्माता-सांसद और विधायक।
3. नागरिक।
4. प्रशासन।
5. पुलिस।
6. वकील और कानून के स्कूल।
7. जज-सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, निचली अदालतें।
8. मीडिया।

प्रत्येक अन्तरफलक का पारदर्शी और पवित्र होना आवश्यक है, तब जाकर न्यायालय से समन्वित समाधान निकल सकता है।

1. राजनैतिक नेता : कानून का आदर करें और देश के कानून को तोड़ने-मरोड़ने के लिए सत्ता की प्रक्रिया का उपयोग न करें। समाज के समक्ष राजनैतिक नेताओं को उदाहरण पेश करना चाहिए।

2. कानून निर्माता : नियमों को सरल बनाएँ, पुराने अनुपयोगी कानूनों को हटाएँ। संपूर्ण प्रणाली को ऐसा बनाएँ कि न्याय शीघ्रातिशीघ्र और निष्पक्ष ढंग से हों।

3. नागरिक : दूसरों के अधिकारों का मान-सम्मान करें और कानूनी

प्रणाली का उपयोग अच्छे प्रयोजन के लिये करें। तुच्छ, स्वार्थवश अथवा सत्ता की राजनीति के लिए इसका दुरुपयोग न करें।

4. प्रशासन : प्रशासन बदलती अपेक्षाओं और परिवर्तनों के अनुरूप अपने को सक्रिय बनाएँ, तुरंत प्रतिक्रिया दे और इसके साथ नवीनता भी लाए। प्रशासन को ई-गवर्नेंस जैसी टैक्नॉलोजी का उपयोग कर सभी मामलों में तुरंत निर्णय लेने चाहिएँ।

5. पुलिस : पुलिस व्यवस्था और कार्य कलाप ऐसे होने चाहिएँ कि अच्छे नागरिकों का उनमें विश्वास जमे और वे उनसे किसी प्रकार का भय न खाएँ। न्याय देने में उन्हें किसी के दबाव में आकर झुकना नहीं चाहिए। ईमानदार अधिकारियों द्वारा उनके कर्त्तव्यपालन में सहायता करनी चाहिए। इसके साथ ही चूँकि पुलिस अधिकारियों को समय का ध्यान न रखते हुये अपना कर्त्तव्यपालन करना पड़ता है, उनके वेतन, पारिश्रमिक और सुविधाओं का पुनरावलोकन होना चाहिए और उन्हें उनकी ज़िम्मेवारियों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

6. वकील : कानून का पेशा केवल व्यापार ही नहीं है परंतु इसके साथ सत्य को उजागर करने की ज़िम्मेवारी भी है। इसलिए उन्हें पेशेगत ईमानदारी और सिद्धांतों का अनुपालन करना चाहिए। कानून के विद्यालयों को चाहिए कि वे शुरू से ही उनमें इन मूल्यों की प्रतिष्ठापना करें। वरिष्ठ वकीलों को आदर्श भूमिका प्रस्तुत करनी चाहिए।

7. जज-सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, ज़िला और अन्य अदालतें : प्रभावित पार्टियों की महिमा और प्रतिष्ठा के स्तर का ध्यान रखे बिना उन्हें प्रयत्न करना चाहिए कि सत्य की जीत हो। नागरिकों के लिए न्याय का शीघ्र मिलना अत्यधिक महत्व रखता है। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि समाजगत अपराधों से निपटा जा सके। अदालतों का यह स्वभाव है कि वे कानून के तकनीकी पहलू पर ही आरोपी को संदेह का लाभ दे देती हैं। यहाँ मुझे नानी पालकीवाला का सुप्रसिद्ध कथन याद आता है ''कानून कहीं होता है और न्याय कहीं और होता है''।

8. मीडिया : मीडिया को सक्रिय और सावधान रहना चाहिए। परंतु उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि वे भावुक न हों अथवा मुद्दों पर पहले ही अपना निर्णय लेने का प्रयत्न न करें।

न्यायपालिका के लिये मिशन : उच्च न्यायालयों को मैं एक मिशन का सुझाव देना चाहूंगा। इस मिशन के एक भाग के रूप में कानून और न्याय के अधिकारी व्यक्तियों द्वारा 1990 से 2005 के बीच कर्नाटक की विभिन्न अदालतों द्वारा जो पथान्वेषी निर्णय दिये गये हैं उनका विश्लेषण करें। इसके साथ ही यह देखना भी ज़रूरी है कि जन कल्याण की दृष्टि से इन निर्णयों का क्या महत्व है और वातावरण संरक्षण, नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और राष्ट्रीय आर्थिक संस्थानों की सुरक्षा की दृष्टि से सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने में इन निर्णयों का क्या महत्व है। इस अध्ययन के परिणाम कानून के विद्यार्थियों और कानून के योजनाकारों के दिशा निर्देश के लिए उपयोगी रहेंगे।

न्यायपालिका के अधिकारियों की गुणवत्ता : देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में अनेक सुविख्यात कानूनी विशेषज्ञों का व्यक्तिगत और सामूहिक योगदान रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कानूनी और न्यायिक पेशे में गुणी व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए निरंतर प्रशिक्षण और शिक्षा के साथ टैक्नॉलोजी का ज्ञान भी आवश्यक है। सूचना टैक्नोलॉजी जैसे उपकरण एवं दूरस्थ शिक्षा सर्वोत्तम विधि वेत्ताओं की प्रतिभा को तीव्रतर करने में केंद्रीय भूमिका निभा सकती है। विकसित भारत की न्यायिक प्रणाली के लिये इस बात की भी आवश्यकता है कि अनिवार्य निर्णायक क्षेत्रों को निर्दिष्ट किया जाए।

उपसंहार : हमारी न्यायपालिका की शानदार परंपरा रही है। इसने हमारे लोकतंत्र को सार्थक मायने और स्वस्थ प्रवृत्ति प्रदान की है। अपनी न्यायिक प्रणाली पर हम सभी गर्व कर सकते हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि भविष्य में हमारी न्यायिक प्रणाली अधिक सुदृढ़ होगी जिससे नागरिकों की आस्था न केवल यथावत् बनी रहेगी अपितु त्वरित न्याय के प्रति उनकी जो आशाएँ और आकांक्षाएं हैं वे भी पूरी होंगी।

[श्री कलाम भारत के पूर्व राष्ट्रपति हैं।]

न्याय पालिका पर भारी बोझ

❑ न्यायमूर्ति वाई. के. सब्बरवाल

हमारी न्यायिक प्रणाली पर कार्य का जो भारी बोझ है, उसके कारण इस प्रकार हैं:-

1. अधिकारियों/कर्मचारियों की कमी।
2. ढांचागत कठिनाइयां और
3. प्रक्रिया से होने वाले विलम्ब।

मुकदमें करने वालों में न्याय देर से मिलने के कारण जो निराशा और हताशा की भावना बढ़ रही है उससे जनता का न्यायपालिका के प्रति विश्वास कम हो रहा है। हम इस विश्वास की कमी को अधिक सहन नहीं कर सकते। इसके साथ ही अधिकारों की त्वरित प्राप्ति के लिये कानून से ऊपर उठकर तरीके अपनाए जा रहे हैं और उपाय ढूंढे जा रहे हैं। वह उस ''कानून के शासन'' के लिये अच्छे शकुन नहीं है, जिसकी कि हम सबने शपथ ली हुई है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने 1963 में जेल के अंदर से लिखा था, ''कहीं भी यदि अन्याय होता है तो वह सर्वत्र न्याय के लिए खतरा उत्पन्न करता है।'' न्याय के समक्ष जो अनेकानेक संकट उत्पन्न हो रहे हैं, उन्हें रोकने में भारत आज भी पूर्णत: सक्षम नहीं है।

भारत राज्य, जैसा कि अन्य लोकतंत्रीय राजनीति में होता है, सत्ता के विभाजन के सिद्धांत पर आधारित है। प्रत्येक अंग की अपनी निश्चित् ज़िम्मेदारियां है। परंतु, मेरे विचार से, प्रत्येक अंग की सभी गतिविधियों का निष्कर्ष भारत की जनता को न्याय दिलवाना ही है। अलेक्जेंडर हेमिल्टन ने इसे इन शब्दों में सुन्दर ढंग से कहा है:

''सरकार का अन्तिम लक्ष्य न्याय दिलाना है। सभ्य समाज का अंतिम लक्ष्य भी यही है। सदा से न्याय के लिए ही प्रयत्न हुआ है और तब तक होता

रहेगा, जब तक कि यह मिल न जाए, अथवा इस प्रयास में स्वतंत्रता ही क्यों न खो जाए।''

राज्य के तीनों ही अंग एक-दूसरे के पूरक हैं और उनसे आशा की जाती है कि वे मिलकर काम करेंगे। इसी बात को ध्यान में रखकर कुछ वर्ष पहले कार्यकारी अध्यक्षों और न्यायपालिका के अध्यक्षों की संयुक्त कांफ्रेंस की परम्परा शुरू की गई थी, जिससे कि ऐसा मंच मिले जहां कि विचारों का आदान-प्रदान हो सके और राज्य के प्रत्येक अंग से सहायता लेकर प्रभावकारी ढंग से न्याय दिया जा सके।

बढ़ती हुई मुकदमों की बकाया संख्या का एक कारण हम सबको मालूम है। ''जजों और आबादी का अनुपात'' अत्यधिक अपर्याप्त है। इस विषय पर कई कमीशनों और कमेटियों और न्यायिक आदेशों के द्वारा प्रकाश डाला जा चुका है। सभी स्तरों पर जजों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने की तुरंत आवश्यकता है। बढ़ोत्तरी भले ही चरणबद्ध रूप में की जाए परंतु इसकी शुरूआत तुरंत होनी ज़रूरी है।

इस मुद्दे से जुड़ा हुआ मुद्दा जजों के रिक्त स्थानों को भरने की प्रक्रिया से संबंधित है। अनुभव से पता चला है कि इसमें काफी देरी लगती है। हम उस सुझाव की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा में हैं जिसमें निचली न्यायिक सेवाओं की भर्ती की ज़िम्मेदारी पब्लिक सर्विस कमीशनों की बजाय हाई कोर्ट को देने से है। कुछ देशों में यही परंपरा एवं वहां यह पद्धति बहुत अच्छे ढंग से कार्य कर रही है।

हम सराहना करते हैं कि केंद्रीय सरकार ने अदालतों के ढांचे का स्तर सुधारने और सरलीकरण करने के लिए बनी ''दस वर्षीय भविष्य की योजना'' में विशेष अभिरुचि ली है। न्यायपालिकाओं के लिए समुचित सुविधाओं विशेषकर पिछड़े इलाकों में मुफस्सिलों और ताल्लुका स्तर पर अधिकांश अदालतें अंधेरे, खण्डहर हो गए मकान के ढांचों में काम कर ही हैं जहां स्वास्थ्य-सफाई की सुविधा नहीं है परन्तु जजों को काम करना होता है। जब जजों की अवस्था ऐसी है तो वकीलों और मुवक्किलों तथा गवाहों की क्या दशा होगी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भारत 21वीं शताब्दी में आर्थिक उन्नति के पथ पर अग्रसर है। दुनिया भर में अदालतों की जो स्थिति है, उसके अनुरूप हमें भी अदालतों के लिए आधुनिक स्तरों के

अनुरूप व्यवस्था बनानी चाहिए और इसके लिए अपेक्षित धन की व्यवस्था 'योजना' निधि में से की जानी चाहिए।

इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालयों की वित्तीय स्वायत्तता का मुद्दा प्रस्ताव रूप में बहुत दिनों से लंबित पड़ा है। यद्यपि बढ़ती मुकदमों की शेष संख्या के लिए न्यायपालिका को ज़िम्मेदार बताया जाता है, परंतु उसका कोई नियंत्रण न तो वित्तीय संसाधनों पर है और न अतिरिक्त अदालतें बनाने का उसे अधिकार है। यही नहीं वह न तो कोर्ट का स्टाफ रख सकता है और न अदालतों के लिए अपेक्षित सुविधाओं में ढांचागत बढ़ोत्तरी कर सकता है। आदर्श स्थिति तो यह है कि इन सभी मामलों में उसे स्वतंत्रता होनी चाहिए। परंतु फिलहाल मैं चाहूँगा कि हम एक कदम आगे ज़रूर बढ़ें और उच्च न्यायालयों को निम्न के अनुसार सीमित स्वायत्तता दी जाए :-

1. उच्च न्यायालय बजट में बुनियादी ज़रूरतों की मांग करती है, अत: सामान्यत: उनकी व्यवस्था कर दी जानी चाहिए जिसे योजनागत व्यय के रूप में लिया जा सकता है।

2. बजट की कुल सीमा के अंतर्गत मुख्य न्यायाधीश/उच्च न्यायालयों को अधिकार होना चाहिए कि वह निधि का विनियोजन और पुनर्विनियोजन कर सकें और

3. उच्च न्यायालयों की खातेदारी की पद्धति अधिक पेशेवर ढंग से होनी चाहिए जिसमें आन्तरिक आडिट की प्रणाली भी सम्मिलित हो।

अपेक्षित प्रशासनिक और वित्तीय समर्थन एवं सहयोग के अतिरिक्त राज्य के दो अन्य अंगों को भी कानूनी सुधार लाने के मामले में न्यायपालिका की सहायता करनी चाहिए। इससे न केवल न्याय देने की प्रणाली सुधरेगी अपितु खर्चा सहनीय हो जाएगा और जनता को पूरा न्याय मिल सकेगा। कानूनी प्रक्रिया में सुधार के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे अन्तहीन बहस में फंसे रह जाते हैं।

हाल में मीडिया में जो ''प्राथमिक न्याय की असफलता'' का मामला कुछ क्षेत्रों में उठा है, उसने फ़ौजदारी कानून सुधारने के सुझावों को आगे बढ़ाया है, जिसमें गवाहों के बदलते बयानों की बुराई भी शामिल है। कुछ दिनों पहले इसकी व्यापक चर्चा भी हुई थी। धारा 164 सीआरपीसी के अंतर्गत जांच के दौरान मजिस्ट्रेटों के सामने बयान लिये जाने की बात भी उठी थी।

इसका अर्थ है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट के कामकाज में भारी अभिवृद्धि, जबकि वे पहले ही काम के बोझ से दबे पड़े हैं। इस प्रकार का अतिरिक्त भार उन्हें तभी दिया जाना चाहिए जबकि अतिरिक्त स्टाफ बढ़ाया जाए।

सभी जानते हैं कि बहुत मामलों में सरकार और सरकारी संस्थानों के लोग पार्टी बन कर अदालत में आते हैं। यदि सरकार की अपनी घर की व्यवस्था में सुधार हो तो बहुत-सी मुकदमेबाजी कम हो सकती है। इससे सरकार का धन बचेगा और अदालत फ़िज़ूल के मुकदमों से बचेगी। सरकार को चाहिए कि वे अपने मामलों की वैकल्पिक व्यवस्था करके समझौते के माध्यम से निपटा ले।

फ़ौजदारी न्याय मिलने का मामला अनेक कारणों से ध्वस्त होने के कगार पर है। इसमें कुछ जिम्मेदारी राज्य की कार्यकारी शाखा को वहन करनी होगी। जांच और मुकदमा दायर करने वाली मशीनरी में सुधार के लिए काफी कुछ नहीं किया गया है। कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी से अलग जांच शाखा रखने का सुझाव विशेष महत्व का है और साक्ष्य नियमों में परिवर्तन करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुछ बड़े व्यक्तियों के मामले में फ़ौजदारी कानूनी पद्धति की असफलता के प्रति जन आक्रोश से हम सबको सबक लेना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया को फिर से बदलने के लिए तुरन्त कोई कार्यवाही होनी चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि कानून एक गम्भीर मामला है इसलिए इसमें फुटकर प्रतिक्रियाओं से काम नहीं चलेगा।

[भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के भाषण के कुछ अंश-सं॰]



न्यायिक सुधार के उपाय

❑ **जगमोहन**

कुछ समय पूर्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के दो दिवसीय सम्मेलन और मुख्यमंत्रियों तथा मुख्य न्यायाधीशों की एक गोष्ठी ने उन गंभीर चुनौतियों की ओर एक बार फिर ध्यान आकृष्ट कराया है जिनका सामना हमारी न्याय व्यवस्था कर रही है। इनमें से एक विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की भारी संख्या से संबंधित है। वर्तमान में करीब ढाई करोड़ मामले निचली आदलतों में लंबित हैं, जबकि उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 35 लाख है। उच्च न्यायालयों के 18 फीसदी मामले पिछले दस साल से लंबित चल रहे हैं। गोष्ठी में इस बात पर सहमति जताई गई कि कार्य का एक घंटा बढ़ा दिया जाना चाहिए, लेकिन इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि मामले निपटाने की जल्दबाजी में कहीं गुणवत्ता प्रभावित न हो जाए। इस समस्या का समाधान आमूल-चूल सुधार में निहित है- विशेष तौर पर ऐसे सुधार जो भारत की परिस्थितियों के अनुकूल हैं।

महत्वपूर्ण उपायों में से एक है **अखिल भारतीय न्यायिक सेवा** का गठन करना। इस सेवा में भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के आधाार पर की जानी चाहिए। परीक्षा राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के तत्वावधान में होनी चाहिए। सफल उम्मीदवारों को न्यायिक प्रबंधन राष्ट्रीय अकादमी में दो साल का सघन प्रशिक्षण देना चाहिए। अत्यधिक योग्य, प्रशिक्षित और उत्साहित अधिकारियों का सेवा कैडर देश की समग्र न्यायिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह जजों के स्तर में सुधार करेगा और तेज़ी से निपटारा कर लंबित मामलों का पहाड़ छोटा करने में मदद करेगा। संविधान के कामकाज की समीक्षा कर रहे राष्ट्रीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि लंबित मामलों की संख्या कम करने का सर्वोत्तम उपाय यह है कि जजों की संख्या तो कम

कर दी जाए, किंतु उनकी कार्यकुशलता बढ़ा दी जाए। नई सेवा से राष्ट्रीय एकता की शक्तियां मजबूत होगी, न्यायपालिका में लचक बढ़ेगी, कैरियर के विकल्प विस्तृत होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर ईमानदारी और सक्षमता की उच्च साख विकसित करने की प्रेरणा मिलेगी। इससे अनेक नियामक प्राधिकरणों और ट्रिब्यूनलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्य चुनने के लिए वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारियों की बड़ी खेप उपलब्ध रहेगी। देश में न्यायपालिका की सक्षम कार्यप्रणाली के संबंध में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन इतना महत्वपूर्ण है कि पहले विधि आयोग ने इसके संविधान की रूपरेखा खींच ली थी। इस आयोग के अध्यक्ष एम सी सीतलवाड थे। उन्होंने कहा था कि हमारा स्पष्ट मत है कि उच्च न्यायपालिका में एक निश्चित् अनुपात में भर्ती अखिल भारतीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के आधार पर की जानी चाहिए।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर हमारा नेतृत्व संकीर्ण सोच से ऊपर उठने में असमर्थ सिद्ध हुआ है। अपनी इस असमर्थता के कारण वह देश को न्यायिक शासन का नया ढांचा नहीं उपलब्ध करा सका। भारत 1985 में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित घोषणापत्र का एक पक्षकार है। अगर घोषणापत्र में दर्ज सिद्धांतों का पूरी तरह पालन करना है तो केंद्र को राज्य सरकारों को इस बात के लिए तैयार करना होगा कि वे अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के लिए सहमत हों, जिसका नियमन राष्ट्रीय न्यायिक आयोग करेगा।

न्यायिक व्यवस्था की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एक नया उपाय है **न्यायिक महालेखा परीक्षक** के रूप में एक नई संस्था का गठन। इसका मुख्य कार्य सुप्रीम कोर्ट को छोड़कर सभी अदालतों के न्यायिक काम की जांच-पड़ताल करना होगा। यह संस्था इस प्रकार स्थापित की जाएगी कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित् रहेगी। साथ ही कार्य की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी अर्थात् ईमानदारी, तटस्थता, निरपेक्षता और गति से काम होगा। न्यायिक महालेखा परीक्षक की सहायता चार अतिरिक्त महालेखा परीक्षक करें। कार्यविभाजन की दृष्टि से देश को चार क्षेत्रों में बांटा जाए- उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम। चारों अतिरिक्त महालेखा परीक्षक एक-एक ज़ोन की जिम्मेदारी संभाले। परीक्षण कुछ मामलों तक ही सीमित रहना चाहिए। यह कार्य महालेखा परीक्षक द्वारा प्रतिपादित और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित नियमों के अनुसार होना चाहिए। इसका मूल उद्देश्य अदालती आदेशों को

चीर-फाड़ करना नहीं, बल्कि जजों पर यह प्रभाव डालना हो कि उनके काम पर भी किसी की नज़र है। वे गैर-ज़िम्मेदार, लापरवाह और अकर्मण्य नहीं हो सकते, क्योंकि उनके द्वारा निष्पादित मामलों के स्तर और परिमाण, दोनों की प्रशिक्षित और अनुभवी स्वतंत्र निकाय द्वारा जांच-पड़ताल की जानी है। इसकी रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में लाई जानी चाहिए।

न्यायिक महालेखा परीक्षक उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त किया जाएगा और अपनी रिपोर्ट केवल उच्चतम न्यायालय को ही सौंपेगा। चयन उच्चतम न्यायालय की कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश करेंगे। इसमें उन्हीं लोगों का चुनाव हो पाएगा जो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य कर चुके हों या फिर कार्यरत हों। इसी प्रकार अतिरिक्त महालेखा परीक्षक और न्यायिक परीक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी। अन्य संगठनात्मक ढांचा उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशानुसार तैयार किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के बजट में ही इस नए संस्थान के लिए प्रावधान करना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यायिक महालेखा परीक्षक के रूप में इस संस्था की स्थापना से अदालतों के फैसलों की गुणवत्ता और संख्या, दोनों में बढ़ोतरी होगी। जनता में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

न्यायिक महालेखा परीक्षक की संस्था तमाम प्रकार के न्यायिक आंकड़ों को संग्रहीत और प्रकाशित करने की स्थिति में होगी। इससे न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी। हाल में एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि हर साल 2630 करोड़ रुपये निचली अदालतों में घूसखोरी में चले जाते हैं। आज देश में भ्रष्टाचार महामारी के समान फैल गया है। यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि न्यायपालिका, खासकर निचली अदालतें इसके प्रभाव से बची रह सकेंगी। इसकी रोकथाम के लिए कई उपाय विचाराधीन है, जिनमें न्यायाधीश जांच अधिनियम के रूप में एक विशेष कानून का निर्माण भी शामिल है, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक और नैतिक वातावरण की अनुपस्थिति में ये उपाय शायद ही प्रभावशाली सिद्ध हों। मूल समस्या मानसिकता में सुधार लाने की है। दुर्भाग्य से कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

[-लेखक पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं।]

कितनी स्वतंत्र है हमारी न्यायपालिका?

❑ डॉ॰ वन्दना मिश्रा

आज न्यायपालिका सरकार का सर्वाधिक सक्रिय अंग है, जबकि हम देखते हैं कि अन्य अंग विधायिका और कार्यकारी पक्षों ने जन-हितों को बड़े शर्मनाक ढंग से तिलांजलि दे दी है। न्यायपालिका ने न्यायिक प्रक्रिया को निर्बाध गति से संचालित करते हुए असंख्य गरीब और कमज़ोर वर्ग तथा समाज के अन्य लोगों के विश्वास और निष्ठा को जीत लिया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मानवोचित भूमिका निभाने में न्यायपालिका ने एक लम्बी छलांग मारी है। कई मामलों को उसने अदम्य साहस और आत्म-विश्वास के साथ निपटा कर अद्‌भुत निर्भयता का परिचय दिया है। न्यायपालिका ने अनेक निर्णय निर्भयता और निष्पक्षता के साथ उन क्षेत्रों में दिये जिन्हें न्यायपालिका के लिए बाहरी समझा जाता था। फैसलों से न केवल कानून के शासन की सम्पुष्टि हुई अपितु सामाजिक-आर्थिक न्याय भी मिला, जो हमारे संविधान का प्रमुख उद्देश्य है। परंतु यदि हम ''सम्पूर्ण न्याय'' प्रदान करना चाहते है तो निश्चित् ही हम मंज़िल से अभी कोसों दूर हैं। इसलिए ''किया तो बहुत कुछ पर बाकी लगभग सारा है' यही हमारा निर्देशक वाक्य होना चाहिए। इस प्रयोजन की सिद्धि के लिये न्यायिक प्रणाली में भी क्रांतिकारी सुधारों की आवश्यकता है, जिससे वह प्रभावकारी ढंग से कार्य कर सके।

हमारे जैसे समाज में जहां बहुत कुछ घट रहा है, जहां जनता अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक हो रही है। विभिन्न समाजों की मांगें भी विभिन्न होती हैं, और उन सबकी पूर्ति होनी संभव नहीं है। इसलिए न्यायपालिका के प्रभावकारी कार्य संचालन में अनेक दबाव आते हैं, कार्यपालिका की खींचातानी भी बनी रहती है और राजनैतिक दबाव भी पड़ते हैं जिसके कारण भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता केवल नाम-मात्र की रह गयी है। इसके पीछे जो वास्तविकताएं हैं, हमें उनका भी ध्यान रखना चाहिए।

विगत कुछ दशकों में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति बनी है, वह यह है कि कार्यपालिका और विधायिका मिलकर न्यायपालिका को अनेक प्रकार से निरुत्साहित करने में लगे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने जजों को सुपरसीड करना प्रारम्भ कर दिया था। उदाहरण के रूप में, जब केशवनंद भारती के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल 25 वें संविधान संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर दिया, बल्कि यह भी कहा कि संसद संविधान की संरचना नहीं बदल सकती जिसके कारण संसद सदस्य नाराज़ हो गए और उस समय सर्वोच्च न्यायालय के अनेक सीनियर जजों को छोड़कर जस्टिस ए. एन. राय को मुख्य न्यायधीश बना दिया गया। वास्तव में न्यायपालिका के नैतिक पतन की दिशा में यह पहला कदम था। इसके पश्चात् न्यायपालिका को निरुत्साहित करने के अनेक उपाय अपनाए गए जैसे कि - उच्च न्यायलयों के जजों का अप्रत्यक्ष रूप से पदोन्नति का अधिकार दूसरों को देना, अतिरिक्त जजों की नियुक्ति नहीं करना, मासिक आधार पर अतिरिक्त जजों का सेवा-काल बढ़ाना, उच्च न्यायालय के जजों की पदावनति करना और उनके तबादले करने, अदालती कार्यवाही के कामकाज में बाधा डालना आदि आदि। सरकार ने यहां तक किया कि सार्वजनिक रूप से न्यायपालिका की भर्त्सना की और जब कभी सरकार को कोई निर्णय पसंद नहीं हुआ उसकी आलोचना की गई। बैंको के राष्ट्रीयकरण के मामले में सरकार ने जनता से अपील की कि उन्हें न्यायपालिका पर दबाव डालना चाहिए। जब प्रधानमंत्री स्वयं सर्वोच्च न्यायालय के कुछ निर्णयों को प्रगति के मार्ग में बाधक होने की संज्ञा दें, और जनता का आह्वान करें कि वे जजों पर दबाव डाले मानों प्रधानमंत्री की राय में जज इतने भावुक हैं कि इस प्रकार से दबाव में आ सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश द्वारा निर्णय-प्रक्रिया को भी प्रभावित कर पाने के कारण भी न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित हुई है। वास्तव में यदि देखें तो उसका महत्व अदालत के किसी अन्य जज से अधिक नहीं है और उसका भी, सबकी तरह बस एक ही मत (वोट) होता है। इसे प्रभावकारी बनाने में निर्णय प्रबंधन की उसकी भूमिका है, क्योंकि वह अदालत का नेतृत्व करता हैं, वह कोर्ट बैंचों में अध्यक्ष (मॉडरेटर) का कार्य करता है, जहां कि मामलों पर विचार-विमर्श होता है और फैसले लिखे जाते हैं। इन बैंचों में प्राय: सबसे पहले उसे अवसर दिया जाता है कि वह अपने फैसले बताए यद्यपि वह वोट

सबसे बाद में देता है। जब मुख्य न्यायाधीश किसी मामले पर बहस शुरू करता है और अपने विचार रखता है तो उसे उस मामले पर अपना दृष्टिकोण रखने का विशेष अवसर दिया जाता है।

सरकार चाहे किसी प्रकार की क्यों न हो, उसके द्वारा लिए गए निर्णयों से अनेक लोगों के जीवन पर असर पड़ता है, और यह प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गों पर भिन्न-भिन्न रूपों में पड़ता है। ऐसे में समाज में परस्पर विरोधी स्वरों का उठना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में जिन लोगों पर निर्णय का प्रभाव पड़ता है, उनमें से कुछ लोग या उनका समुदाय, फैसला अपने पक्ष में करवाने के लिए दबाव डालते हैं। अत: अदालतें भी इन समुदायों के दबाव में अछूती नहीं रह सकती। अदालतें भी समाज का ही एक अंग है, उन्हीं में से बनती हैं और इसकी राजनीति से प्रभावित रहती है। जब वे फैसला सुनाती हैं, तो केवल संबंधित पक्षों को ही संतुष्ट नहीं करती अपितु अप्रत्यक्ष रूप से विशेष समुदायों को भी संतोष प्रदान करती हैं।इसलिए संबंधित समुदायों के लक्ष्य की दृष्टि से उनके लिए इनका (कोर्ट के फैसलों का) विशेष महत्व है। इसलिए संगठित हितों वाले समुदाय प्राय: अदालतों के फैसलों पर प्रभाव डालते हैं और जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में भूमिका निभाते हैं। चाहे हम कितनी ही कठिन मेहनत क्यों न कर लें, जजों की निष्पक्षता बनाए रखने के हर सम्भव प्रयत्न के बावजूद भी संगठित हितों की राजनीति न्यायिक पद्धति पर प्रभाव डालती ही है।

आदर्शों के अनुरूप जजों को राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। इसका अर्थ यह हुआ कि 1. उनका चयन राजनीति से ऊपर उठकर ''सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध व्यक्तियों'' में से किया जाना चाहिए 2. विशिष्ट मामलों में उनके निर्णयों पर राजनीति का प्रभाव, व्यक्तिगत आदर्श अथवा पार्टी के आदर्श अथवा एक हितों वाले ग्रुपों का प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए और 3. यदि वे अलोकप्रिय फैसले दें, अथवा विवादास्पद न्यायिक फ़िलासफ़ी के अनुरूप आदेश जारी करें तो उनके विरुद्ध बदले की भावना की राजनीति नहीं की जानी चाहिए। वे इससे अछूते रखे जाएं। परंतु, सब कुछ कहने, सुनने के बावजूद जज के कामकाज की प्रकृति ही ऐसी होती है कि उसे परस्पर विरोधी दृष्टिकोण और जीवन-मूल्यों के बीच चुनाव करना पड़ता है और ऐसा करते समय वे जाने-अनजाने में राजनीति के केंद्र और नीति निर्णायकों के केंद्र बन जाते हैं। वे चाहे शुद्ध राजनीतिक प्रश्नों के उत्तर देने से इंकार कर दें, परंतु

जहां सामाजिक-आर्थिक न्याय का संबंध आता है, वे नीति-निर्णय करने वालों की प्रथम श्रेणी में आते हैं। और जब वे लोग निर्णय लेते हैं, तो चाहे वे कितने ही निष्पक्ष और तटस्थ क्यो न हों, उनके फैसलों का समाज पर कहीं-न-कहीं असर पड़ता ही है। जैसे कि वी.एन. गाडगिल ने कहा, जजों से यह अपेक्षा करनी कि वे अपने फैसले ''स्वयं के राजनैतिक सरोकारों से ऊपर उठकर दें, अस्वाभाविक, अवास्तविक, अतार्किक है। जजों के जो भी राजनैतिक सरोकार हैं, उसका प्रभाव उनके निर्णयों पर पड़ता ही है।''

अन्त में सामाजिक परिदृश्य में जब उफान की स्थिति आती है, तो उपरोक्त बाधाएँ कुछ अधिक बढ़ जाती हैं। हमारा समाज, यद्यपि विकसित हुआ है, तथापि उसने अनेक विध्वंस देखे हैं, साम्प्रदायिक, प्रादेशिक, भाषाई, दंगे-फसाद और समुदायों के झगड़े, विद्यार्थियों का असंतोष, परिवहन हड़तालें, बिजली ब्लैक-आऊट, बाढ़-अकाल आदि सहे हैं। इन सबका प्रभाव किसी-न-किसी रूप में हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग के महत्वपूर्ण हितों- आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक - पर पड़ता हैं। इस प्रकार निर्णय लेने वाले संस्थान विधायिका, कार्यकारी अथवा न्यायपालिका क्योंकि संविधान की व्याख्या का काम करती हैं, इसलिए उनका क्षेत्र अत्यधिक व्यापक हो जाता है। भारत की जनता, अपेक्षा करती है कि न्यायपालिका आने वाले दिनों में सम्पूर्ण समाज को बेहतर सेवा प्रदान कर सकेगी।



इस्लाम एक कानून अनेक

❑ मुज़फ्फ़र हुसैन

किसी भी देश का मुसलमान हो वह यह चाहता है कि इस्लाम के पर्सनल लॉ के अनुसार उस का जीवन व्यतीत हो। लेकिन यह कठिन ही नहीं अव्यावहारिक है। दुनिया के हर देश में मुसलमानों का बहुमत नहीं है इसलिए जहां अन्य धर्मावलंबी बसते हैं वहां इस्लामी कानून लागू नहीं हो सकते। आधुनिक दुनिया में धर्म आधारित कानून को अब स्थान नहीं दिया जाता। इसलिए वर्तमान काल और परिस्थितियों को दृष्टि में रखते हुए राष्ट्रीय कानून बने हुए हैं जिन्हें दीवानी और फौजदारी की संज्ञा दी गई हैं। दीवानी कानून मनुष्य के जीवन की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं जबकि फौजदारी उन कानूनों को भंग करने वाले तथा समाज में शांति स्थापित करने के लिए नियम और सिद्धांत बनाते हैं। इस प्रक्रिया से दण्ड विधान जुड़ा हुआ है जिसके तहत कानून भंग करने वाले को सरकार दंडित करती है।

कानून का जनक धर्म ही है इसलिए वह अपने अनुयाइयों के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करने का काम करता है। कानून के माध्यम से अलगाव पैदा न हो इसलिए पश्चिमी राष्ट्र अपने अधिकतर कानून, जिन्हें उनके संविधान और सरकार ने बनाया है, उन्हें ही लागू करते हैं। इसलिए विवाह, तलाक और भरण पोषण जैसे मुद्दों पर वे अपने बनाए हुए कानून के तहत ही समाज की व्यवस्था को संचालित करते हैं। लोकतंत्र होने के बावजूद वे धर्म आधारित अलगाव को स्थान नहीं देते। अल्पसंख्यक जो विभिन्न धर्मों का पालन करने वाले होते हैं उनके सीमित अधिकारों को सरकार मान्यता देती है लेकिन ऐसा कुछ नहीं करती जिससे बहुसंख्यक समाज को नुकसान पहुंचे। दुनिया में हिन्दुस्तान ही केवल एक ऐसा देश है जिसने अल्पसंख्यक समाज के धर्म आधारित कानून को मान्यता दी है लेकिन इस मुद्दे को भी संविधान में स्थान दिया गया है जिसके तहत देश की जनता को वचन दिया गया है कि देश में समान नागरिक संहिता को लागू किया जाएगा। इसलिए जब टकराव की स्थिति आती है और अल्पसंख्यक समाज के कानूनों के कारण उसी समाज के लोगों में दुविधा पैदा होने लगती है तब कानूनों की संरक्षक एवं व्याख्या करने वाली सबसे बड़ी संस्था सुप्रीम कोर्ट सरकार से आग्रह करती है कि उक्त स्थिति में निपटने के लिए देश में समान नागरिक कानून लागू किया जाए।

इस्लामी जगत में शरीयत के कानून क्या सभी देशों में एक जैसे हैं? यदि उनके लागू करने में समरसता और एकजुटता नहीं है तो फिर वे किसी देश की सरकार को भला किस प्रकार बाध्य कर सकते हैं कि उनके धर्म के नाम पर वे जो कह रहे हैं उसे ही कार्यान्वित किया जाए। मुसलमानों में अनेक पंथ और अनेक संप्रदाय हैं जिनके मौलाना समय-समय पर अपने ढंग से इस्लामी कानूनों की व्याख्या करते रहते हैं। परिस्थिति अनुसार जब इस्लामी देशों में ही पंथ और संप्रदाय के आधार पर कानूनों की व्याख्या अलग-अलग की गई है तब तो अल्पसंख्यक होने के बावजूद उस देश की सरकार को उक्त पंथ में भी एकता स्थापित करने का प्रयास करना ही पड़ेगा। यदि वे स्वयं किसी निर्णय पर नहीं पहुंचते हैं तो उनकी एकता के लिए भी राष्ट्रीय कानून ही अधिक हितकर होंगे। पिछले दिनों पेरिस में इस्लामी शरीयत के कानूनों को क्रियान्वित करने के जो अलग-अलग ढंग और रूप हैं उन पर इस्लामी विद्वानों में खुल कर बहस हुई।

इस बात पर भी चर्चा हुई कि अनेक ऐसे कानून हैं जिन्हें इस्लाम मान्यता देता है लेकिन आधुनिक दुनिया नहीं। गुलामी प्रथा इस्लामी कानून में वैध है। सऊदी अरब में 1960 तक यह लागू थी। लेकिन अब सऊदी सहित विश्व के किसी भी देश में नहीं है। इस्लामी हो या गैर इस्लामी किसी भी देश में गुलाम और लोंडियों की खरीदी-बिक्री नहीं होती तो इस्लाम के फौजदारी कानून में इस का कोई महत्व नहीं है। ब्रिटेन के आर्क बिशप रुमान विल्यिम्स ने सुझाव देते हुए कहा है कि अनेक शरीयत संबंधी कानूनों के लिए ब्रिटिश कानून में स्थान निकाला जा सकता है। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि ब्रिटेन के वर्तमान कानूनी ढाँचे में इस्लामी कानूनों को संशोधित कर के स्थान दिया जा सकता है। मुसलमानों का बचाव करते हुए वे कहते है कि अनेक कानूनों को जब इस्लामी देशों ने रद्द कर दिया है तो फिर ब्रिटेन के मुसलमानों को भी उन्हें हटाने और संशोधित करने पर विचार करना चाहिए।

The Judge admonished the witness, "Do you understand that you have sworn to tell the truth?:

"I do."

"Do you understand what will happen if you are not truthful?"

"Sure," said the witness. "My side will win."

JUSTICE DELAYED

❑ **Bhaskar DC**

"Without Justice, life would not be possible and even if it were it would not be worth living" .....

(Justice) Giorgio Del Vecchio

The word 'justice' has been derived from the actual concept of justness which acts as the primordial factor for any state to provide for its populace.

It is a generic term, which includes both procedural (Natural) and substantive (Social) justice. In India, justice has been adorned as the very embodiment of God, whose sole mission is to uphold justice, truth and righteousness. Under our Indian constitution justice sets the ultimate goal for all of us to serve our nation. It is a mixture of natural and social justice as evident from Preamble and Part IV of our Constitution.

Democracy And Indian Judiciary

In a democratic country like India, judiciary plays a vital role in establishing a state of justice. Therefore, being the watchdog, they are not allowed to shift their burden to others for men- failure to establish an actual State of Justice. It is judiciary on which millions of people have struck their faith of getting justice. It has the capability of imparting justice to the aggrieved. It is that part of our constitution which acts as its Messiah. It is that structure of our society, which cemented its place next to the God and if not properly dispensed will shatter down the entire trinity of democratic instrumentalists with checks, balances, parliamentary structure and the judicial facets of our Constitution.

Delay in disposal of cases is considered as one of the most vexed and worrying problem. It is the code of procedures, which makes it so worse. However, personality like Nani Phalkiwala opined that Justice in common parlance

is considered as blind but in India it is lame too and hobbles on crutches. It is on the verge of collapse with more than 30 million cases clogging the system. There are cases that take so much of time that even a generation is too short to get any type of redressal.

Procedures must be utilized to advance the cause of justice but in India it is used to thwart it. Justice is something which should be dispensed as early as possible otherwise it will be too late for a critic to add a common adage to that 'Justice Delayed is Justice Denied'. Current situation shows that it will take more man 300 years to clear the backlog of cases in Indian courts. In Anil Rai vs. State of Bihar case, Sethi J stated that delay in disposal of the cases facilitates the people to raise eyebrows, sometime genuinely, which if not checked, may shake the confidence of the people in this judicial system.

Reasons For Delay In Disposal Of Cases

Firstly, people now days are in a habit of dragging their grievances to the court of law, which can be solved outside the purview of the court. Secondly, non-adherence with the code properly by the judges and the lawyers both aggravate the situation. Thirdly, the judicial system is not equipped with adequate number of judges required. Fourthly, Government itself is contributing maximum to the backlog.

While it can be understood that delay may occur in the civil cases but the same is not expected in the criminal proceedings. If we compare these two on the basis of the disposal of the cases then it is very much evident that criminal justice system is at its worst and the common man has lost his trust in the efficacy of the criminal redressal system.

On average 50 lakh crimes are registered every year, which are sought to be investigated by the police. The pendency of criminal cases in subordinate courts is 1.32 crore and the effective strength of judges is 12,177. Pending cases of the under trials in criminal cases are 1.44 crores. In an average 19 percent of the pending cases are disposed every year

Delayed decisions, piled up files and indefinitely extending litigation, never serve their purpose. They are the real roadblocks to development of any state or nation. Generally, delayed decisions take its maximum toll from the under privileged section. Consider the condition of the poor victims of Bhopal gas Leak disaster, which took a toll of 15000 people. Twenty four years have passed to that ghastly incident; still now victims are fighting for the compensation, which fails to measure up the damage caused to them.

Social justice will be possible only if the entire concept of egalitarian politico-social order is followed, where no one is exploited, where every one is liberated and where every one is equal and free from Hunger and poverty. The proverb 'Justice Delayed is Justice Denied' is proved as it is denied to the poorest of the poor. Providing basic necessities to them will amount to Justice because the definition of justice varies from individuals to individuals on the basis of their economic conditions. According to B.P.Singh J the situation today is so grim that if a poor is able to reach to the stage of a high court, it should be considered as an achievement.

At this juncture the author is of the opinion that judiciary obviously owes an obligation to deliver quick and inexpensive justice irrespective of the complicated procedures but it cannot be hurried to be buried. Cases should be decided for imparting justice not for the sake of its disposal. Secondly, Arbitration procedure must be utilized as a better option for quick disposal of cases. Finally, to conclude with the words of Lord Hewet as it is of fundamental importance that justice should not only be done, but should manifestly and undoubtedly be seen to be done.

-Final Year Law Student, Haldia Law College, Haldia, West Bengal

भीड़ में कोई आदमी नहीं था

❑ बनेचन्द मालू

किसी बेचारे का एक्सीडेंट हो गया।
कार तो भाग गई पर लोगों को भी नहीं आई दया।
खून से लथपथ पड़ा था सड़क पर।
कोई पास के अस्पताल नहीं ले जा रहा था
क्योंकि पुलिस का था डर।
सवालों का जवाब देना होगा।
कैसे हुआ, किसने देखा, कहना होगा।
बाद में थाने भी जाना होगा, कोर्ट में देनी होगी गवाही।
इस तरह घसीटा जाना पड़ेगा, क्यों लें ऐसी वाह वाही।
समय बीत गया, बेचारा ढेर हो गया।
किसी नवयुवती का सिंदूर, नन्हें बच्चों की आशा
चिर निद्रा में सो गया।
घर में कोहराम मच गया, मातम छा गया।
हंसी-खुशी भरे जीवन को काल-चक्र खा गया।
आने जाने वाले सान्त्वना दे रहे थे।
पूछ पूछ कर घटना का जायज़ा ले रहे थे।
एक औरत अफ़सोस जता रही थी,
कह रही थी व्यस्त सड़क थी भीड़ तो बहुत थी।
फिर पड़ा क्यों रहा, अस्पताल भी पास में वहीं था।
मैंने कहा भीड़ तो बहुत थी, अस्पताल भी पास में वहीं था।
पर अफ़सोस, भीड़ में कोई आदमी नहीं था।

– 5 बी श्री निकेत, 11 अशोका रोड,
अलीपुर कलकता-700027

लड़की के विकास में अवरोध-कमतर आकलन

❑ अंजु दुआ जैमिनी

आठ-दस वर्ष की होते-होते बच्ची माँ-बाप तथा घर के अन्य सदस्यों का व्यवहार पहचानने लगती है। घर में छोटे या बड़े भाई के प्रति घर के वयस्कों के मन में जो स्नेह उपजता है वह बच्ची के प्रति नहीं होता, इस तुलनात्मक स्नेह को लड़की खूब समझती है। यहीं से उसके मन में भाई के प्रति ईर्ष्या का भाव जन्मता है। उसे लगता है कि वह भी लड़का हुई होती तो लोग उसे भी बराबर की तवज्जो देते। हमारे समाज में लड़की को कभी महत्व दिया ही नहीं गया। उसे थोड़ा-बहुत स्नेह अवश्य दिया जाता है पर मनमानी करने की छूट नहीं। यही छूट वह चाहती है। वह चाहती है कि भाई को जितना स्नेह-सम्मान दिया जाता है, उतना ही उसे भी दिया जाए।

घर में असमान व्यवहार होता है और उस पर पहरे बिठाने की मुहिम शुरू हो जाती है। यदि भाई छोटा है तो लड़की से उम्मीद की जाती है कि वह भाई की देखभाल करे। इसके विपरीत यदि भाई बड़ा है तो उससे यह उम्मीद की जाती है कि वह बहन पर निगरानी रखे। **देखभाल और निगरानी में फर्क है** और इसी मानदण्ड पर लड़के-लड़की का पालन-पोषण किया जाता है।

हमारे घरों में ऐसा दृश्य देखने को कभी नहीं मिलेगा कि छोटी बहन कुर्सी पर बैठी है और भाई उसके लिए खाना लाया और खिलाने लगा। इससे उल्ट अवश्य दिखेगा कि भाई कुर्सी पर बैठा है, बहन खाने की थाली लाती है और भाई को देती है। भाई खाना खाता है, बहन पानी का गिलास रखती है और उसे खाते हुए देखती है। भाई खाकर उठ जाता है, बहन उसके जूठे बर्तन समेटती है और रसोई में रख आती है। माँ उसे शाबाशी देती है। पिता

के मन में कोई भाव नहीं क्योंकि बेटी घर की सेवा करती है, इसमें नया कुछ भी नहीं।

यदि भाई छोटा है तो निश्चित् ही माँ का दुलारा है क्योंकि माँ के शब्दों में 'बड़ी मन्नतों के बाद पैदा हुआ है।' बेटी अपने-आप समझ जाती है कि वह बिना मन्नतों के पैदा हुई है, वह अनावश्यक है। उसका कार्य माँ की तरह घर-भर की देखभाल करना है। घर में खिलौनों पर उसका हक वहीं शुरू होता है जब भाई उन खिलौनों से न खेले या स्वत: उसे दे। (लड़कियों को क्या चाहिए? कुछ भी तो नहीं।)

बच्ची के मन में भाई के प्रति दुराग्रह का बीज यह समाज बोता है। भले ही लड़कियाँ चाँद पर हो आएँ, घरेलू काम-काज उनके ही हिस्से आएगा। लड़के तो बाहर के कामों के लिए हैं, भारी कामों के लिए हैं, फिर उन्हें पढ़ना भी तो है और खेलकूद से उनका शरीर मजबूत बनेगा(क्या घर का कामकाज जिसमें कुएँ से बाल्टी भर कर लाना, कपड़े धोना, साफ़-सफ़ाई करना, धान के खेत में मज़दूरी करना, गोबर थापना, तसला-भर भूसा-चारा उठाना ये सब हल्के काम हैं?) ये सब कार्य लड़कियों के जिम्मे आते हैं। 'पढ़ना उनके लिए ज़रूरी नहीं। कौन उन्हें डॉक्टर-कलैक्टर बनाना है? बन भी जाएँगी तो ससुरालियों के काम आएँगी। हमारे लिए क्या करेंगी?' यह मानसिकता बच्चियों के विकास में अवरोधक का कार्य करती हैं।

बड़ा होकर लड़का अपनी बीवी के साथ रहता है और अलग हो जाता है। वह अपनी कमाई का हिस्सा माँ-बाप को नहीं देता क्योंकि अब उसका अपना परिवार है और उसे भी पालना है। माँ-बाप बचपन में बेटा-बेटी में भेद करते हैं, और बड़ा होकर बेटा 'अपने परिवार' और 'अपने माँ-बाप के परिवार' में भेद करता है।

बेटी घर का काम भी करती है, अच्छा खाने को भी तरसती है, पढ़ाई से भी हटा ली जाती है, तो भी वह माँ-बाप को प्यार करती है, उनका भला चाहती है। इतना सब जानने के बाद भी क्या भेदभाव करने वाले अभिभावकों की आँखों पर पट्टी पड़ी रहेगी?

लड़की को सदैव लड़के से कमतर आंका जाता है, पर हर जगह नहीं। यदि घर में कोई शादी-ब्याह या उत्सव है तो लड़की उन्हें शक्तिशाली लगती है क्योंकि वह चुटकियों में काम कर लेती है। वह दौड़-दौड़ कर महमानों की

आवभगत करती है, उन्हें पानी पिलाती है, खाना खिलाती है, जूठे बर्तन समेटती है और घर सहेजती है। इस मामले में भाई निकम्मे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें बचपन से ताकीद की जाती है कि घर का कामकाज लड़कों को शोभा नहीं देता। पग-पग पर लड़की भेदभाव सहती है।

निम्न परिवारों में जहाँ पैसे की चिक-चिक ज़्यादा होती है वहाँ लड़कियों की हालत बहुत बुरी होती है। घर में यदि पैसा आता है तो वह घर के पुरुष-सदस्यों पर पहले खर्च होता है, बाद में यदि कुछ बचता है तो लड़की के हिस्से आता है।।

एक धर्मग्रन्थ में लिखा है कि जो व्यक्ति झूठी गवाही देता है वह अगले जन्म में स्त्री बनता है। अब इसमें कितनी सच्चाई है, इसकी गहराई में जाना कठिन है पर इससे यह सिद्ध होता है कि ऐसी सोच लड़की को कमतर महसूस कराती है।

अब बात करते हैं मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय परिवार की। यहाँ लड़का-लड़की में भेदभाव इस तरह नहीं होता। चूँकि रुपए-पैसे की समस्या नहीं अत: खरीदारी आदि में भेदभाव नहीं होता। भेदभाव होता है राय मनवाने के बारे में। बातें छोटी-छोटी हैं पर लड़की के मन पर दुष्प्रभाव डालती हैं।

खाने में क्या बनेगा, कौन से रेस्तराँ में जाना है, कौन सी जगह घूमने जाना है, पिकनिक-स्पॉट क्या हो, कौन सी फिल्म देखने जाना है; ये तमाम बातें घर में बेटा-बेटी दोनों से पूछी जाती हैं पर महत्व बेटे के निर्णय को दिया जाता है।

लड़के या लड़की का पैदा होना सामान्य घटना है पर हमारे समाज में लड़के के लिए मनौतियाँ माँगना, लड़के के पालन-पोषण में श्रेष्ठता; ये सभी बातें लड़की के मन को कचोटती हैं। व्यक्ति लिंग से श्रेष्ठ नहीं होता कर्मों से श्रेष्ठ होता है। लिंग-भेद के कारण मानसिक प्रताड़ना सहती लड़की बचपन से ही तैयार हो जाती है। उसे समायोजन करना सिखाया जाता है।

भेदभाव की अनेक वजह हैं। सबसे शक्तिशाली वजह है- पुरानी मान्यताएँ। भले ही घर का मुखिया न कमाए, भले ही घर का पुत्र आवारागर्दी में पैसे उड़ाए, फिर भी यही मान्यता है कि घर का पुरुष आजीविका कमाता है। लड़की की कमाई को शुगल-मेले से जोड़ा जाता है या मजबूरी से जबकि लड़की कमाती है घर-भर के लिए। घर का सपूत कमाता है अपने लिए, उसे

अपने ऊपर पैसा उड़ाने का पूरा अधिकार है। लड़की यदि छुटपन से कमाना शुरू करती है तो उसकी कमाई से घर चलाया जाता है। इसके विपरीत लड़का यदि छुटपन से कमाने लगता है तो वह आधा भाग जेब खर्च के लिए रख लेता है और आधा माँ के हाथ पर रख देता है। समझ आते-आते वह कई बार माँ के हाथ पर आधा भी नहीं रखता। क्या किसी लड़की को उसकी कमाई का पूरा भाग अपने पर खर्च करते देखा है?

यदि घर में तीन-चार भाई है तो उन्हें यह कहते कभी नहीं सुना होगा, 'काश! हमारी एक बहन होती।' इसके विपरीत यदि घर में तीन-चार बहनें हैं तो उनके मन में उपजाया जाता है, 'काश हमारा भाई होता।' हमारे त्योहार, धार्मिकोत्सव इस भावना को भुनाने से नहीं चूकते। धार्मिक आयोजन हों तो वहाँ भेंटें गाने वाले एकाध गाना अवश्य ऐसा रखते हैं जो बिन भाई की बहनों को भावुक करने में कसर नहीं छोड़ता। राखी के त्योहार पर बहनों का भाई के लिए तरसते देखा है पर बहुत कम भाई ऐसे होते हैं जो बहन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। बहन है तो भी ठीक और नहीं है तो भी ठीक।

लड़की को लड़के से कमतर आंकने के कारण लड़की में हीन-भावना का जन्म होता है। वह स्वयं को समाज के लिए अनुपयोगी मानने लगती है। यदि बचपन से समानता का व्यवहार किया जाए और उसे आगे बढ़ने के उचित अवसर दिए जाएँ तो उसकी उपयोगिता समाज के लिए किसी भी हालत में कमतर नहीं। घर में बालक-बालिका की स्थिति कुछ यूँ है .....

'पंछी दो जन्मे घर-आँगन

इक पिंजरे, इक फिरदा गगन'

भारतीय समाज को बदलना ही होगा क्योंकि विकास के लिए सबका विकास आवश्यक है और यही देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचाएगा।

('मोर्चे पर स्त्री' पुस्तक से उद्धृत)

- 839ए/21सी, फ़रीदाबाद-126001 (हरियाणा)

महात्मा ज्योतिबा फुले

❑ आर. के. श्रीवास्तव

महात्मा ज्योतिबा फुले उन्नीसवीं शताब्दी के महान व्यावहारिक सामाजिक विचारक थे। मानव मुक्ति के सम्बन्ध में उनके विचार दूरगामी प्रभाव डालने वाले थे एवं उसी प्रकार महान् थे उनके कार्य। उनके जीवन में उनके विचारों की पूरी छाप थी। उनके विषय में आज बहुत कम लोगों को ज्ञान है।

ज्योतिबा के पूर्वज सतारा ज़िले के कटगुण ग्राम के निवासी थी। उनका पारिवारिक नाम गोढ़े था। उनके प्रपितामह कोन्डिबा गोढ़े गांव के चौगुले थे। गांव में आपसी झगड़ों के कारण कोन्डिबा जिला पुणे के खण्डावली ग्राम में आकर रहने लगे। बाद में वहाँ अकाल पड़ने पर उनके पुत्र शेतिबा ने पुणे में अपना स्थाई निवास बनाया। वहाँ पर उन्होंने पुणे के शासक पेशवा के लिए फूलों से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण प्रारम्भ किया इसी कारण उन्हें नया उपनाम ''फुले'' प्रदान किया गया।

शेतिबा के तीन पुत्र थे - रानो जी, कृष्णा जी एवं गोविन्द। गोविन्द का विवाह चिमनाबाई के साथ हुआ। उनके पुत्रों में से एक का नाम था ज्योतिराव। यही बालक ज्योतिराव बाद में भारत में सामाजिक क्रान्ति लाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

ज्योतिराव का जन्म **11 अप्रैल 1827 को हुआ।** जन्म के एक वर्ष के अन्दर उनकी माँ का देहान्त हो गया। प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1840 में उनका विवाह सावित्रीबाई से हो गया। इस बीच उनकी पढ़ाई छूट गई। किन्तु उनके उत्साह को देखते हुए उनके पड़ोसियों मुंशी गफ्फ़ार बेग एवं लिजित ने उन्हें पुनः अंग्रेज़ी में शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। परिणाम स्वरूप उन्होंने 1841 में एक अंग्रेज़ी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करना आरम्भ कर दिया।

स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने थामस पेन द्वारा लिखित Right of

Man नामक पुस्तक का अध्ययन किया जिसके द्वारा उन्हें सामाजिक परिवर्तन का नया ज्ञान प्राप्त हुआ। शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् वे अपने पिता के साथ व्यवसाय में लग गये। इसी समय एक ऐसी घटना घटी जिसने उनके जीवन की दिशा ही मोड़ दी। एक मित्र के विवाह के अवसर पर कुछ ऊंची जाति के लोगों ने जाति के आधार पर उनका घोर अपमान किया। इस सामाजिक अपमान का उन्होंने विरोध किया। वे दलितों को ऐसे अपमान से बचाने पर विचार करने लगे। उन्होंने निश्चय किया कि शिक्षा ही ऐसा शक्तिशाली अस्त्र है जिसके द्वारा दलित व अति दलित समुदाय के लोगों को मुक्ति दिलाई जा सकती है। इसी को आधार बनाकर उन्होंने दलितों की मुक्ति के लिए संघर्ष प्रारम्भ कर दिया।

वर्ष 1848 में महात्मा फुले ने सर्वप्रथम बालिकाओं के लिए विद्यालय का आरम्भ किया। इस प्रकार वे बालिकाओं के लिए विद्यालय की स्थापना करने वाले प्रथम भारतीय बन गये। उन्होंने सर्वप्रथम महिलाओं को शिक्षित करने के लिए अपनी पत्नी सावित्री देवी को बालिका विद्यालय में पढ़ाने के लिए तैयार किया। सावित्री देवी को इस कार्य में धर्मान्ध लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। किन्तु फिर भी ज्योतिराव एवं सावित्री बाई ने साहस पूर्वक इसका सामना किया एवं बड़े लगन से अपने संघर्ष को जारी रखा। उन्होंने ऐसे अनेकों स्कूल खोले एवं अन्य लोगों को भी स्कूल खोलने का प्रोत्साहन दिया। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्य को ब्रिटिश सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गई एवं 16 नवम्बर 1852 को एक विशेष आयोजन में उनको सम्मानित किया गया। इस समय उनकी आयु केवल 25 वर्ष की थी।

शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार के सुधार करने का भी उन्होंने प्रयास किया। 1882 में उन्होंने शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सर विलियम हंटर को शिक्षा सुधार के लिए आवेदन पत्र दिया जिसमें प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य करने एवं दलित बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर ज़ोर दिया गया। उनका दृढ़ विचार था कि शिक्षा को व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी आकर्षित हों एवं बेरोज़गारी की समस्या का भी हल निकल सके। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने कृषि को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने पर ज़ोर दिया। आज एक शताब्दी के बाद भी ज्योतिबा फुले के विचार प्रासंगिक हैं। उन्होंने शिक्षा के लिए जिन सिद्धान्तों

का प्रतिपादन किया उनके अनुसार आज प्राइमरी शिक्षा को अनिवार्य करने एवं शिक्षा को व्यवसाय से जोड़ने के प्रयास हो रहे हैं।

सामाजिक शिक्षा के प्रसार प्रचार के लिए उन्होंने 24 सितम्बर 1873 को 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। इसके द्वारा उन्होंने इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया कि मनुष्य अपने गुणों के आधार पर महान होता है जाति के आधार पर नहीं। उनका मानना था कि ईश्वर की पूजा के लिए किसी पंडित या मध्यस्थ की आवश्यकता नहीं है। सत्यशोधक समाज के सिद्धान्त के अनुसार विवाह सम्पन्न कराने के लिए किसी पंडित की आवश्यकता नहीं थी। एक बार बिना पंडित के विवाह सम्पन्न कराने पर ज्योतिराव एवं समिति के सदस्यों के विरुद्ध मुकदद्मा दायर कर दिया गया। ज्योतिराव ने मुकद्दमें में लड़कर जीत हासिल की। सत्यशोधक समाज द्वारा भाईचारे एवं समानता का प्रचार किया गया।

महात्मा फुले ने दलितों के उत्थान के अतिरिक्त अन्य सामाजिक बुराईयों पर भी ध्यान देकर उन्हें दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने विधवाओं की दशा में सुधार के लिए अनेकों कार्य किये। उस समय विधवाओं का जबरन मुंडन कराने की प्रथा थी। महात्मा फुले की प्रेरणा पर नाइयों ने हड़ताल करके विधवा का मुंडन करने से मना कर दिया। उन्होंने विधवा विवाह को प्रोत्साहन दिया एवं विधवा विवाह कराये भी। विधवाएँ प्राय: शोषण का भी शिकार हो जाती थीं जिसके कारण अवांछित संतान की हत्या करनी पड़ती थी। ऐसी महिलाओं के लिए उन्होंने बाल हत्या प्रतिबंधक गृहों की स्थापना की जिससे ऐसे नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा हो सके। उन्होंने प्रसूति गृहों की भी स्थापना की जिससे प्रसव के समय माँ व बच्चे सुरक्षित व स्वस्थ रह सकें। देवदासी की प्रथा के अनुसार बालिकाओं का विवाह ईश्वर से कराकर उसे देवदासी के रूप में मंदिर में रहने पर मजबूर किया जाता था। ज्योतिबा ने इसका भी विरोध किया व इस प्रथा को समाप्त करने का प्रयास किया।

उन्होंने किसानों के बीच जाकर उनके साथ काम करके उनकी समस्याओं को समझकर उन्हें सुलझाने का भी प्रयास किया। किसान प्राय: साहूकारों से रुपये उधार ले लेते थे जो अत्यधिक ब्याज पर होता था। उधार न चुका पाने की अवस्था में साहूकार उनकी जमीन को अपने नाम करा लेता था। ज्योतिबा ने किसानों में जागरूकता पैदा की जिससे वे महाजनों के अन्याय के शिकार

न बनें। विभिन्न फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए उन्होंने श्री नारायण मेघा जी लोखण्डे के साथ मिलकर 'बाम्बे मिल लेबर एसोशिएशन' नामक प्रथम भारतीय श्रमिक संगठन की स्थापना की।

एक बार ब्रिट्रेन के राजकुमार भारत आये व महात्मा ज्योतिबा फुले के एक साथी श्री हरी राव जी चिपलुंकर ने उनके सम्मान में एक प्रीतिभोज का आयोजन किया। इसमें ज्योतिबा को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। वे एक निर्धन किसान की ही वेशभूषा में प्रीतिभोज में भाग लेने के लिए आए एवं ब्रिटिश राजकुमार को शिक्षा सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराकर ब्रिट्रेन की महारानी तक अपने संदेश को भेजने का निवेदन किया। इससे स्पष्ट होता है कि वे कितने सरल एवं आत्मविश्वासी थे। उनका यह व्यवहार महात्मा गांधी के जीवन की उस घटना की याद दिलाता है जब वे लंदन में गोलमेज़ कान्फ्रेन्स में भाग लेने के लिए एक साधारण-सी धोती पहन कर गये थे।

महात्मा फुले ने अपने जीवन काल में अनेकों पुस्तकों की रचना की जिनमें नाटक, कहानियाँ, कविताएँ एवं सामाजिक समस्याओं से सम्बन्धित पुस्तकें हैं। उनकी अंतिम रचना 'सार्वजनिक सत्यधर्म पुस्तक' है जिसका प्रकाशन उनके मरणोपरान्त 1891 में हुआ। इसमें उन्होंने जनसाधारण के लिए मानव धर्म की व्याख्या की है।

इस प्रकार महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना सारा जीवन दलितों व नीची जातियों के उत्थान के लिए लगा दिया। यही नहीं उन्होंने किसानों एवं श्रमिकों की समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयत्न किया एवं कार्य किये। वे एक अच्छे साहित्यकार भी थे। इन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने अपने जीवन यापन के लिए स्वयम् व्यवसाय करके धनोपार्जन किया। उन्होंने खेती की, व्यापार चलाया व पुल एवं भवन निर्माण के ठेके भी लिये।

अपनी आय के अधिकांश भाग को उन्होंने समाज सेवा में व्यय किया। इस प्रकार वे तन, मन, धन से समाज के उत्थान में लगे रहे। विपरीत परिस्थितियों में समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य आरम्भ करने वाले वे भारत के प्रथम व्यक्ति थे।

-66/2 बी, स्टेनली रोड, इलाहाबाद

युवा नव धनाढ्यों के लिये एक वित्तीय परियोजना

❑ अनुपमा सिंहल

समाचार पत्रों में प्राय: पढ़ने को मिलता है कि आई. आई. एम. या आई. आई. टी. के नये स्नातकों को कुछ कम्पनियों ने 20 लाख से डेढ़ करोड़ वार्षिक वेतन पर नियुक्ति दी है। आर्थिक उदारीकरण के पश्चात् देश में यह एक नई लहर है। इस लहर ने एक नये धनाढ्य युवा वर्ग को जन्म दिया है। इस वर्ग की अपनी जीवन शैली एवं खर्च करने की प्राथमिकतायें हैं। किन्तु आश्चर्य तब होता है जब इस वर्ग के सदस्य भी कभी-कभी आर्थिक संकट में फंसे दिखलाई पड़ते हैं एवं ऐसा होता है समुचित वित्तीय प्राथमिकताओं एवं परियोजना के अभाव में।

जहाँ तक वित्तीय प्राथमिकता का सवाल है तो आज का युवा-वर्ग केन्द्रित है-मोबाइल फ़ोन के बिल, क्रेडिट कार्ड के भुगतान तथा सैर सपाटे पर। आँकड़े बताते हैं कि नई उभरती धनाढ्य युवा पीढ़ी आज इतना कमा रही है कि वर्तमान समय में वह आसानी से बिना कर्ज़ लेकर उन वस्तुओं पर बिना हिचक खर्च कर सकती है जो अब तक विलासिता के साधन समझे जाते थे। परन्तु केवल इसलिये कि आप पर्याप्त धन कमा रहे हैं और खर्च करने में सक्षम हैं, इसका मतलब यह नहीं कि आप वित्तीय परियोजना की उपेक्षा करें।

ज़िन्दगी बहुधा मरफी लॉ के निर्मम नियम से प्रभावित हो जाती है। जब हमने आरामदायक ज़िन्दगी व्यतीत करने लायक धन इकट्ठा कर लिया, तभी कुछ ऐसा हो जाता है कि सब कुछ बरबाद हो जाता है- यह एक्सीडेंट भी हो सकता है जो आपको ज़िन्दगी भर के लिये अपंग बना दे या आपके घर को आग बरबाद कर दे या कोई घातक बीमारी आपको जकड़ ले। यह एक काल्पनिक तस्वीर है लेकिन यह सब ज़िन्दगी में घटित होता है और किसी

के साथ भी हो सकता है।

हर धनी युवा दम्पति के दो प्राथमिक लक्ष्य होने चाहियें। बचत योजना का विन्यास तथा उधार का बहिष्कार। अपने भविष्य के लिये आपको 360^0 वित्त नियोजन चाहिये जिसके छः सूत्र है।

1. निवेश योजना
2. बीमा नियोजन
3. बच्चों के भविष्य की योजना
4. कर नियोजन
5. अवकाश ग्रहण की योजना
6. नकदी प्रवाह नियोजन

सिर्फ एक ही तरीका है जिससे आप धन सम्पत्ति बना सकते हैं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकते हैं और वह है अन्धाधुन्ध खर्च न करके बचत करना एवं उसका समुचित निवेश करना।

आपकी नौकरी के शुरुआती समय में यह हिस्सा एक बड़ा प्रतिशत हो सकता है लेकिन शादी के बाद यह प्रतिशत कुछ कम हो जायेगा। पर ध्यान रखें कि यह 10% से कम नहीं हो।

अगर आप अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं तो आपके पास ऐसी योजना होनी चाहिये जो आपको निवेश करने पर कर भार को कम करने, मुद्रास्फीती को पछाड़ने और अच्छी तरह से आपके पैसे का संचालन करने में आपका सहयोग करे।

अतः जितना धन का होना ज़रूरी है उससे कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है उस धन का सही प्रयोग और निवेश।

आइये हम देखते हैं कुछ ऐसे कार्य जो आप अपने धन से सम्पादित कर सकते हें:-

1. बीमा नियोजन : (अपने को बीमाकृत करें) विशेषज्ञों का कहना है कि आप सभी सम्भावित खतरों के लिये बीमा का आवरण ज़रूर लें। अगर आप मुख्य बड़े खतरों से अवगत हैं और सही दिशा में निवेश करते हैं तो आप काफ़ी हद तक अपने को सुरक्षित कर सकते हैं। बीमा पॉलिसियाँ निम्न प्रकार

की हो सकती हैं

टर्म इन्शोयरेंस (अवधि बीमा) पॉलिसी : एक शुद्ध जोखिम आवरण योजना जो आपके जीवन को अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करती है।

पर्सनल एक्सीडेंट इन्शोयरेंस पॉलिसी : यह पॉलिसी बीमा धारक की मृत्यु या शारीरिक चोट की घटना में मुआवज़ा देती है।

हेल्थ इन्शोयरेंस पॉलिसी : यह पॉलिसी बीमा अवधि के दौरान भारत भर में मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करती है। दावों का भुगतान पार्टी प्रशासकों द्वारा होता है। यह प्रशासक इन्श्योरेंस कम्पनी के द्वारा सूचीबद्ध होते हैं ताकि बीमाधारक को बिना किसी परेशानी के अस्पताल में दाखिला और विमुक्ति मिल जाये।

2. बच्चों के भविष्य के लिये योजना : बच्चों के कैरियर निर्माण में निवेश करना भी एक सबसे अहम पहलू है। लड़के की शिक्षा एवं जब वे अपना कैरियर या प्रोफेशनल जिन्दगी का प्रारम्भ करें उस समय के लिये समुचित धन उपलब्ध होना चाहिये तथा लड़कियों के लिये उनके विवाह ही नहीं बल्कि विवाहोपरान्त रिश्तेदारी निभाने के लिये पर्याप्त व्यवस्था नियोजन भी अनिवार्य है। उपरोक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य के साथ निवेश करें। शेयरों (Equity Stock) में निवेश करना श्रेयस्कर है।

ध्यान रखें कि आपके निवेश निम्नलिखित मापदण्डों को पूरा करें:-

1. जिस कम्पनी में निवेश करें वह एक मज़बूत प्रबन्ध कौशल और प्रतिष्ठित समूह की सदस्य हो।

2. कम्पनी एक ऐसे क्षेत्र से सम्बन्ध रखती है जोकि 10 साल के बाद भी निरन्तर तरक्की करती रहे।

3. कम्पनी के शेयर के मूल्य अभी पूरी तरह से खुले नहीं हों।

4. अन्त में यह भी ध्यान रखना चाहिये कि सारा निवेश एक ही जगह नहीं करना चाहिये। कम्पनी के क्षेत्र और समूह को ध्यान में रखते हुये निवेश की विविधता बनायें।

3. कर नियोजन : अगर आप कर दाता के दायरे में आते हैं तो आपके लिये सबसे अहम है कुछ ऐसे निवेश जो आपके कर भार को कम करने में

सहायक हों। एक व्यक्ति कुछ ऐसी कर बचत निवेश योजनाओं जैसे पारंपारिक PPF, NSC, LIC से लेकर आज के युग के Dynamic Mutual Funds (ELSS) में निवेश करके 1,00,000/- तक कर की बचत कर सकते है।

4. अवकाश ग्रहण के उपरान्त : अधिकतर मनुष्य उम्र के अन्तिम पड़ाव पर आकर पछताते हैं कि युवावस्था में हमने कुछ बचत और निवेश नहीं किया। अवकाश ग्रहण परियोजना एक उम्र के बाद हमारे जीवन का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिये। मुद्रा स्फीति भी एक ऐसा ही अहम कारण है

5. अपने को आकस्मिक घटनाओं के लिये तैयार करें : आपातकाल अपने आने की पूर्व सूचना नहीं देता। इसका मतलब यह नहीं कि हम उनकी ओर से निश्चिंत् हो जायें। ऐसे समय के लिये पहले से तैयार रहे। ऐसे समय के लिये कुछ धन ज़रूर बचा कर रखें। कितना इसका कोई नियम नहीं है पर अपने सम्पूर्ण निवेश के 10-15% को कम जोखिम भरे एवं शीघ्र मिल जाने वाले निवेशों में लगाना आपको ऐसी घटनाओं के लिये अच्छा आवरण दे सकता है।

6. परोपकार को न भूले : धर्म कार्य एवं दान बहुत ज़रूरी है। यदि आपके पास धन है तो उसे कम भाग्यशाली व्यक्तियों के साथ ज़रूर बांटे। यद्यपि कुछ दान कर लाभ के लिये विशेषित होते हैं परन्तु हम आपको सलाह देंगे कि आप दान दें, बिना यह चिन्ता करे कि आप उससे किस प्रकार लाभ उठा सकते हैं।

अन्त में:-

- आर्थिक स्वतंत्रता का मतलब है कि आपकी जीवन शैली बिना किसी नौकरी या अन्य किसी काम के भी परावलंबी न हो जाये।
- सम्पत्ति आमदनी उत्पन्न करती है, तथा ऋण आमदनी को नि:शेष करते है। अत: जहाँ तक संभव हो सके ऋण की अपेक्षा सम्पत्ति का चुनाव करें।
- अपनी आय का कम से कम 10% हिस्सा निवेश करके आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करें और यह होगी ''आपकी इच्छा शक्ति की प्रलोभनों पर विजय''।

- 14 सम्मेलन मार्ग, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)

स्पांडिलाइटिस नहीं है अब लाइलाज

❑ डॉ॰ यतीश अग्रवाल

समय के साथ हर शै बदल जाती है। यही हाल होता है स्वस्थ, सुकुमार, हंसिनी-सी गर्दन का। जीवन के 35-40 वसंत गुज़रते-गुज़रते यह सरवाइकल स्पांडिलाइटिस से इस कदर घिर जाती है कि उसका इधर-उधर घूमना और ऊपर-नीचे मुड़ना तक दुश्वार हो जाता है।

सरवाइकल स्पांडिलाइटिस क्या है?

यह उम्र के साथ गर्दन की हड्डियों और उनके बीच स्थित जोड़ों में हुई टूटफूट से उपजा आम विकार है। इसमें गर्दन की वर्टिब्रल हड्डियों के बीच की चक्रिका (डिस्क) या तो सूखकर छोटी हो जाती है या अपने स्थान से सरक जाती है। वर्टिब्रल के अगले-पिछले हिस्से में हड्डियों के जोड़ घिस जाते हैं और कहीं-कहीं हड्डी बढ़ने से ये तकलीफ देने लगते हैं। नतीजा बुरा होता है। गर्दन की हड्डियों के पास से गुज़रती धमनियों पर जोर पड़ता है, उस हिस्से में सूजन पैदा हो जाती है और हड्डियों के बीच बने छिद्रों से निकल रही स्पाइनल तंत्रिकाएं भिंचने लगती हैं। डिस्क खिसकर बहुत पीछे चली जाए तो मेरुरज्जु (स्पाइनल कार्ड) पर भी दबाव पड़ सकता है।

सरवाइकल स्पांडिलाइटिस के कारण क्या-क्या तकलीफ हो सकती हैं?

गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द होता है। कौन-कौन सी तंत्रिकाएं भिच रही हैं, इस आधार पर सिर के पिछले हिस्से, छाती, कंधे, बांह और हाथ में दर्द रहने लगता है। गर्दन हिलाने-डुलाने या उसे ऊपर करने से दर्द बढ़ जाता है। गर्दन बिल्कुल जकड़-सी जाती है। कभी हाथों में चींटियां-सी रेंगती भी महसूस हो सकती हैं, कभी हाथ सुन्न हो जाते हैं। कुछ लोगों को चक्कर आने लगते हैं और उनका चल-फिर पाना भी मुश्किल हो जाता है।

परीक्षण के लिए क्या जांच हैं?

सच्चाई यह है कि शारीरिक लक्षणों से ही बहुत-कुछ जानकारी मिल जाती है लेकिन ज़्यादातर डाक्टर गर्दन का एक्स-रे अवश्य करते है। लक्षण बहुत गंभीर हों और सर्जरी की ज़रूरत महसूस हो तो गर्दन का एम.आर.आई. भी कराना पड़ सकता है। उससे यह पता लग जाता है कि मेरुरज्जु और तंत्रिकाओं पर कहां-कितना-कैसा दबाव पड़ रहा है।

इलाज के लिए किस विशेषज्ञ के पास जाना चाहिए?

रिहैबिलिटेशन मेडिसिन विशेषज्ञ या आर्थोपेडिक सर्जन के पास दिखाना सबसे अच्छा है। फ़िज़ियोथैरेपिस्ट का भी इलाज में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

सरवाइकल स्पांडिलाइटिस के इलाज के लिए क्या उपाय करने पड़ते हैं?

जब तक अधिक तकलीफ़ है तब तक गर्दन को पूरे आराम की ज़रूरत होती है। सरवाइकल कालर पहनने से आराम मिलता है। कालर में कसे रहने से गर्दन हिल-डुल नहीं पाती और विश्राम की मुद्रा में रहती है पर कालर का लाभ तभी है जब उसे सही ढंग से, सही मुद्रा में पहना जाए। दर्द और सूजन से राहत पाने के लिए निम्युलिड, ब्रूफेन, वोवेरान-जैसी दर्द तथा सूजनहारी दवाएं लेनी पड़ती है। पेशियों की अकड़न को भी दवा से दूर किया जाता है अगर चक्कर आ रहे हों तो सिननेरिजिन या दूसरी दवा लेकर मस्तिष्क की ओर खून का दौरा बढ़ाने की कोशिश की जाती है। गर्म सेंक से भी काफी आराम मिलता है। अकड़ी हुई पेशियाँ खुल जाती हैं और गर्दन सक्रिय हो जाती है।

घर पर यह सेंक गर्म पानी में भीगी चादर या तौलिए से लिया जा सकता है जबकि फिजियोथैरेपिस्ट शार्ट वेव डायाथर्मी, अल्ट्रासोनिक या लेजर की मदद ले सकता है। कुछ रोगियों को ट्रैक्शन की भी आवश्यकता पड़ती है ताकि भिच रही तंत्रिकाएं दबाव से मुक्त हो सकें। ये सभी उपाय अस्थायी होते हैं। आगे रोग न बढ़े यह तभी संभव है जब गर्दन की देखभाल पर ध्यान दिया जाए।

गर्दन के नीचे रिसीवर खोसकर घंटों फोन पर बात करना, मेज़ पर बैठ

गर्दन नीचे झुकाये झुकाये घंटों काम करना और उचककर किसी ऊंची रखी हुई चीज तक पहुंचने की आदत गर्दन की पेशियों, हड्डियों और जोड़ों को भारी तनाव से भर देती हैं। जब दर्द और जकड़न से छुटकारा मिल जाए तो गर्दन की पेशियों को मजबूत बनाने के लिए व्यायाम शुरू कर देना भी ज़रूरी है। गर्दन सीधी रखते हुए कुर्सी पर बैठ जाएं। एक हथेली दूसरी पर कस लें और दोनों को ललाट के ऊपर रखें। अब हथेलियों से ललाट को पीछे की ओर धकेलने का प्रयत्न करें लेकिन गर्दन की पेशियां तानकर ललाट को पीछे न जाने दें। पांच तक गिनें फिर आराम की मुद्रा में लौट आयें। पांच बार दोहराए।

अब सिर के पिछले भाग पर हथेलियां रख सिर को आगे की ओर धकेलें लेकिन गर्दन की पेशियां तानकर सिर को आगे न जाने दें। पांच तक गिनें फिर आराम की मुद्रा में लौट आयें। तीसरी क्रिया में बांई हथेली बांई कनपटी पर रख कनपटी को अंदर की ओर धकेलें पर गर्दन की पेशियां तानकर इसे निष्क्रिय कर दें। पांच तक गिनें फिर आराम की मुद्रा में लौट आएं। फिर यही क्रिया पांच बार दाईं ओर दोहराएं। ये सरल व्यायाम नियम से करें और इन्हें जीवनचर्या का अंग बना लें।

सरवाइकल स्पांडिलाइटिस में तकिया लगाने की आदत को छोड़ना ही पड़ता है?

कतई नहीं। सिर्फ इतनी सावधानी बरतनी है कि अगर ऊंचा तकिया लगाने की आदत है तो उसका मोह त्याग दें। बेहतर होगा कि दो इंच मोटाई का रूई का तकिया लगाना शुरू कर दें, यह गर्दन के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। बाज़ार में विशेष सरवाइकल तकिये भी उपलब्ध हैं जिन्हें लगाने से गर्दन पर ज़ोर नहीं पडता।



शेर और बकरी

❑ अशोक भाटिया

कहा जाता है कि हमारे देश में कभी शेर और बकरी एक घाट पर पानी पीते थे। इसमें हालांकि कई पेंच है। एक सवाल यह उठता है कि जिस घाट पर वे इकट्ठा पानी पीते थे वहाँ दोनों में से पहले कौन आता था।

यह सवाल मैंने अपने एक साथी से पूछा, तो वह बोला, 'तुम भी अजीब हो। पहले तो बकरी आएगी, तभी तो उसे देखकर शेर आएगा?

प्रश्न यह है कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पीते थे? इन्सानों ने अपनी जाति के हिसाब से अलग-अलग कुंओं की सुविधा बना रखी थी पर पशु-जगत के साथ यह अन्याय क्यों? क्योंकि पशु-समाज मनुष्य जगत की नकल नहीं करता।

भरपेट मांस खाकर शेर पानी की तलाश में निकल पड़ा। भटकता हुआ वह जंगल से बाहर निकल आया। थोड़ी दूर पर एक कस्बा था, शेर उधर ही चल पड़ा। कस्बे के बाहर कुछ बकरियाँ एक घाट पर पानी पी रही थीं। शेर ने कुछ देर प्रतीक्षा करना ठीक समझा। पानी पीकर सारी बकरियाँ तो चल पड़ीं सिर्फ एक बकरी रह गई।

शेर चुपके से उसके निकट आकर बोला, 'थोड़ा सा पानी मैं भी पी लूं?'

बकरी ने सोचा, 'मुझे इतना महत्व दे रहा है। इतना तो चुनावों में उम्मीदवार भी जनता को नहीं देता।' उसने आंख झपकाकर स्वीकृति दे दी, हालांकि घाट उसका नहीं था। इस प्रकार शेर ने शिकार के लिए नये घाट पर अपनी जगह बनाई।

आखिरकार युग बदला। केबल संस्कृति ने पांव पसारे। एक लोकप्रिय चैनल का एक फोटोग्राफ़र उस दृश्य की खोज में निकल पड़ा, जिसमें शेर और बकरी एक घाट पर पानी पी रहे हों। कई दिन तक वह मारा-मारा फिरता रहा।

आखिरकार वह एक छोटे से कस्बे के बाहर पहुंचा। वहां एक बकरी एक घाट पर पानी पी रही थी और एक शेर घाट के निकट पहुंच रहा था। ज्योंहि शेर ने अपना मुंह पानी में डाला, फोटोग्राफर ने तुरंत फ़ोटो खींच ली। मौका पाकर बकरी तो वहां से खिसक ली पर फोटोग्राफर से नहीं रहा गया। उसने शेर से पूछा, 'बकरी को इतने निकट पाकर भी आपने उसका शिकार क्यों नहीं किया?'

शेर ने मीडिया को महत्व देते हुए कहा, 'यह बकरी अभी जाकर अपनी सहेलियों से मेरी उदारता का गुणगान करेगी। इस प्रकार से बकरियां मेरी एफ-डी (फिक्स डिपाजिट) हो गई हैं।'

फोटोग्राफ़र चलते-चलते इस सच्चे इतिहास पर चिंतन करने लगा। उसने कैमरे से वह रील निकालकर फेंक दी।

-1882, सेक्टर-13, अरबन स्टेट, करनाल

सेवा का अभिप्राय

स्वामी प्रज्ञानन्द महाराज का गंगा किनारे भव्य आश्रम था। एक सुबह वे मित्र संत के साथ गंगा के बीचों बीच स्नान कर रहे थे। वहीं से उन्होंने अपने शिष्य को आवाज़ लगाई, 'मुक्तेश्वर.....ओ मुक्तेश्वर.....!' आवाज़ सुनकर मुक्तेश्वर दौड़ा-दौड़ा आया। पूछा, गुरु जी, क्या आज्ञा है? स्वामी प्रज्ञानन्द बोले 'बेटा मुझे गंगा जल पीना है।' मुक्तेश्वर आश्रम गया, लोटा लाया। गंगा किनारे की बालू से मांज कर लोटा चमकाया। फिर गंगा में उतरा। स्वामी जहां खड़े थे, वहाँ जाकर लोटा पुनः धोकर गंगा का जल भर कर गुरु जी को थमाया। वह जानता था कि स्वामी जी बहती गंगा का जल पीते हैं। स्वामी जी ने अंजुलि भरकर लोटे से गंगा जल पिया। मुक्तेश्वर खाली लोटा लेकर लौट गया। यह देख स्वामी प्रज्ञानन्द के मित्र संत हैरान हुए। उन्होंने पूछा, आपको यहीं का गंगाजल हाथों से पीना था, तो मुक्तेश्वर को बुलाने की क्या ज़रूरत थी? आपने लोटे से हाथों में ही पानी भर कर पिया, फिर मुक्तेश्वर से परिश्रम क्यों करवाया? 'इसी बहाने मुक्तेश्वर को सेवा दी। सेवा इसलिए दी, ताकि उसका अंतःकरण शुद्ध हो जाए और ब्रह्विद्या उसे पच जाए', स्वामी जी सहज भाव से बोले।

GAYATRI MANTRA

❑ Dr. M. P. Sharma

THEORY AND ITS SCIENTIFIC APPROACH

In every Hindu family the *Gayatri Mantra* is chanted with great reverence. The meaning of this mantra, as has been handed down through generations, is more or less the same in almost all the books. It is something like this "O Lord! You are blissful, true and omniscient, you are all pervading, omnipresent, the urge and the light of all; you are an ocean of divine energies, your immeasurable energy is reflected in the sun, you are the creator of all, the protector of all, you are greater than the greatest. We pay our respectful obeisance to you and invoke your blessings to cleanse our minds. Bless us with divine thoughts, strength and the urge to follow the right path by body, mind and words".

Infact this can at best be said to be the gist of the *mantra* but not its true meaning because all these words like creator, protector, ocean of divine powers donot apper in the original text. Then where from have these meanings been derived?

With all the adjectives it has become a prayer whereas the *Gayatri mantra* was a simple means discovered by Rishi Vishwamitra to praise and worship the formless God by means of similes and symbols.

The Modern Theory:

There are a trillion suns like ours in our galaxy, some of them are many times bigger than our sun. All the suns are complete universal families within themselves like our solar system. Our sun alongwith its own family takes one complete round of the centre of the mother galaxy in 225 million years. Roughly there are ten billion galaxies like ours. All these galaxies are moving at a speed of 20000 miles per second towards the infinite. The lenghth of our galaxy is one lakh light years. Our sun is at a distance of 32000 light years for the centre of our galaxy. An ordinary ceilling fan moving at a velocity of 900 revolutions per minute makes loud noise. From this it can be easily imagined what a colossal noise must be produced by the movement of this huge universe moving at a velocity of 20000 miles per second. This noise was heard by the seers in their *Samadhi* and they named it *Pranava* (Pran=energy+vapu=body) and described it as *Nad Brahma* or the huge noise. They also named it as *Udgeeth* or the melodious music originating high above in the space.

The Composition of the Mantra:

The Sanskrit language is a very scientific language and suited to biocosmic set up. Composition of Mantras in this language has some special characteristics. The seers visualised in their *Samadhi* the Phonetic composition of all the letters of its alphabets and then wrote them down. In the composition of the *mantras* coded symbolic style was used. Unlike prose very few words and complete sentences were used. An effort must be made to assimilate the meaning of the words in the mantras. The, discovery of the name-*Om Bhur BhuvahSwah Bhur* means our earth, *Bhuvah* stands for the planetary system of the nine planets and *Swah* is used for all the galaxies moving at high velocity in the space. Our earth, the moon and all the planets are incessantly moving around the sun while at the same time revolving on their own axis. Obviously all the millions and billions of galaxies are similarly running towards the infinite at very high velocities and a very loud noise is produced

with their vibration. When the seers heard this noise in their trance, they instinctively ejaculated Oum Oum. When they set out in search of the Creator of the universe, they knew that the creator was a very mighty entity but invisible and formless. Rishi Vishwamitra suggested that this noise "Oum" which they heard should be accepted as the name of Creator, to which all the 80000 research scholars agreed.

Since God is eternal, that is without any beginning or end, His name should also be such which may denote His eternal nature. This song Oum has been there since times immemorial and will remain eternally. It is also called *"Pranava"* because this perpetual sound by vibration in the space is a source of energy, that is Prana and is balancing the whole evergy in the universe. Therefore being the body *(Vapu)* of the every *(Prana)* it is called Pranava.

The Physical Perceptible form of God:

